धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

12.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र



khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 151 | 12


युवाओं के विजन पर चलेगी सरकार : मोदी

## न्यूज डायरी

### मल्होत्रा ने आरबीआई गवर्नर का पद संभाला

**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी संजय मल्होत्रा ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 26 वें गवर्नर कार्यभार संभाल लिया। श्री मल्होत्रा को श्री शक्तिकांत दास के स्थान पर नियुक्त किया गया है।

### झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत सोरेन

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है।

### कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा केंद्र होगा

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र (केटीपीएस) फेज 2 का कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा। केटीपीएस का दूसरा फेज 2 गुना 800 मेगावाट 4 वर्षों में कार्य संपन्न किया जायेगा।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 73300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 97000 रु./प्रति किलो |

## राज्यपाल के अभिभाषण में घोषणाओं की बहार, सभी क्षेत्रों में नियुक्तियां शीघ्र

# केंद्र से बकाया वसूली का कानूनी विकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनायी और सरकार की ओर से कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है। राज्यपाल ने कहा, सरकार राज्य में 60 हजार पदों पर शिक्षकों, 15 हजार पदों पर प्राधानाध्यापकों, अलग-अलग कार्यालयों के लिए 2,500 क्लर्क के अलावा 10 हजार पुलिसकर्मियों की नियुक्तियां शीघ्र शुरू करेगी। 10 हजार भाषा शिक्षकों की नियुक्ति होगी। अभिभाषण में राज्यपाल ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार और उनकी कंपनियों के पास बकाया 1.36 लाख करोड़ वापस लाने के लिए उनकी सरकार कानून का सहारा लेगी। राज्यपाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी और उनसे सुखी, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने को कहा। (शेष 11 पर)



- समृद्ध झारखंड बनाने को मिल कर काम करें
- अभिभाषण में गिनायी सरकार की उपलब्धियां
- झारखंड में शीघ्र खुलेगा नयुक्ति का पिटारा
- महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण
- बिना ब्याज के कृषि ऋण दिया जायेगा
- स्थानीय नीति बनायेगी झारखंड सरकार
- थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी में शत प्रतिशत आरक्षण (पेज 2 भी देखें)

## स्थिर सरकार के गठन का जनादेश

राज्यपाल ने कहा कि षष्ठम विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलभ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिये संकल्पित है।

### सदन साक्षी बनेगा

राज्यपाल ने कहा कि विधानसभा अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाओं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। आदर्श परंपराओं को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी। भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखंड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा।

**महिला कल्याण :** राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा। सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 7 किलोग्राम चावल और 2 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

## 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- महिला व बाल विकास में सर्वाधिक 6390.55 करोड़



**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला व बाल विकास विभाग के लिये 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। अब गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

(पेज 2 भी देखें)

## अतुल का शव पहुंचा पटना, मां बोली बेटे को मार दिया

**देशभर में दहेज कानून के दुरुपयोग का मुद्दा उठा**

**पटना।** बंगलूरू में आइटी पेशेवर अतुल सुभाष आत्महत्या का मामला देशभर में चर्चा में है। देशभर में दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग पर चिंता जतायी है। इस बीच अतुल सुभाष का शव बुधवार को पटना पहुंचा। अतुल की मां शव देखते ही बेहोश हो गयी। उन्होंने रोते-रोते कहा, ये आत्महत्या नहीं, हत्या है। जिस तरह से उसे परेशान किया गया, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया उसकी हत्या हुई है। मेरे बच्चा को बहुत टॉर्चर किया गया है। मेरे बेटे को इंसाफ दो। परिवार वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। अस्थि कलश को लेकर जब परिवार वाले बेंगलुरु से पटना पहुंचे तो पूरा माहोल गमगीन हो गया।

## हाइकोर्ट ने कहा, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करें

# 26000 आचार्यों के रिजल्ट पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति मामले में रिजल्ट के प्रकाशन पर फिलहाल रोक लगा दी। नियुक्ति प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका की कोर्ट बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। अंतिम फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुनाता रिजल्ट जारी नहीं किया जाये। वही एक अन्य मामले में अदालत ने सरकार से कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र पूरी करें। अदालत ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि अंतिम फैसला आने तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं करें। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में चल रही है। सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। (शेष 11 पर)




## गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में सरयू राय पर पीड़क कार्रवाई पर 10 जनवरी तक रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। बुधवार को अदालत ने उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है।

## खरमास बाद नये बंगलो में होगा मंत्रियों का गृह प्रवेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए नवनिर्मित बंगलो उनके वेलकम को तैयार है। जानकारी के अनुसार, खरमास के बाद मंत्रियों का इस नए बंगलो में गृह प्रवेश होगा। बताते चलें कि सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने बंगलो का निरीक्षण भी किया था। इसके बाद सीएम ने अफसरों को 15 जनवरी 2025 तक आवास से जुड़े सभी कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया था। स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए 11 आवास बनाए गए हैं। बंगलो में मंत्रियों की तंदुरुस्ती का भी ख्याल रखा गया है। इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है। इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## राज्य के तीन नगर निकायों में विशेष वित्तीय सहायता योजना से कार्य होगा संपन्न

**रांची।** झारखंड के तीन नगर निकायों के लिए विशेष रुपये योजना शुरू करके राशि प्राप्त की जायेगी। नगर विकास विभाग व राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आपसी समन्वय करके तीन माइल स्टोन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है और इन निकायों में विशेष वित्तीय सहायता की राशि खर्च की जायेगी। शहरी नगर निकायों में विश्रामपुर, लोहरदगा व रामगढ़ नगर परिषद में इसके तहत कार्य किए जायेंगे। नगर विकास विभाग ने तीन निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को माइलस्टोन प्राप्त करने की कार्रवाई करने के लिए कहा है। इसी के आधार पर केंद्र सरकार से राशि की मांग की जायेगी।


### शपथ पत्र

**समक्ष, नोटरी पब्लिक मेदिनीनगर पलामू।**



मैं भरत कुमार पासवान पिता रूपन पासवान निवासी ग्राम भोगू, पोस्ट-खामडीह, थाना सतबरवा जिला पलामू शपथ पूर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता हूँ।

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम पते का मूल निवासी हूं।
2. यह कि चिराग पासवान (Chirag Paswan ) मेरा पुत्र है।
3. यह कि मेरा पुत्र चिराग पासवान का जन्म दिनांक 01.08.2012 को हुआ है।
4. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम चिराग पासवान (Chirag Paswan ) है तथा आधार कार्ड में मेरा पुत्र का जन्म तिथि 01.08.2010 अंकित हो गया है।
5. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में नाम अनुराग पासवान (Anurag Paswan) है तथा जन्म प्रमाण पत्र में सही जन्म तिथि 01.08.2012 अंकित है एवं मेरे पुत्र का सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम अनुराग पासवान (Anurag paswan) है जो सही है।
6. यह कि मैं अपने पुत्र का आधार कार्ड में नाम चिराग पासवान (Chirag Paswan) के जगह अनुराग पासवान (Anurag Paswan) नाम अंकित कर सुधार करवाने हेतू यह शपथ पत्र कर रहा हूं, ताकि मेरा पुत्र का नाम तथा जन्म तिथि, आधार कार्ड में सुधार हो सके।
7. यह कि उपर वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है, किसी भी तरह का गलती पाये जाने पर मैं स्वयं दंड का भागीदार बनूंगा।

भरत कुमार पासवान
शपथकर्ता

उपरोक्त शपथकर्ता ने मेरे सामने इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर बनाए हैं जिनकी पहचान मैंने किया है।

मदन मोहनसिंह
नोटरी पब्लिक डालटनगंज पलामू।
बुक नं- 66, सिरियल नंबर - 8566
दिनांक- 10.12.2024



### दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/गार्डनरीच, कोलकाता, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं ई-निविदा सं., कार्य का नाम एवं उसका स्थान, इस कार्य की अनुमानित लागत, बयाना राशि: (1) एमआरटीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-01 (खुली), दिनांक 10.12.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अधीन मुरी-रांची-टोरी अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए लोहरदगा में 10 इकाई टाइप-II क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 3,97,16,320.94; रु. 3,48,600/-। **(2) एमआरटीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-02 (खुली), दिनांक 10.12.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अधीन मुरी-रांची-टोरी अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए लोहरदगा में 10 इकाई टाइप-III क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी आनुषंगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 4,57,52,920.79; रु. 3,78,800/-। **कार्य की समापन अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 15 (पंद्रह) महीने क्रमांक 2 के लिए 18 (अठारह) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए आईआरईपीएस पोर्टल का प्रयोग कर ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 02.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक स्वीकार की जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहां सूचना पट्ट का स्थान:** दोनों के लिए वेबसाइट सं. **www.ireps.gov.in** एवं मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डनरीच (इंजी.) का कार्यालय। **संशोधन:** दोनों के लिए कोई भी संशोधन बोली शुरू होने से पहले यानी दिनांक 19.12.2024 तक आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(PR-889)


### खाद्य आपूर्ति मंत्री ने की मैराथन समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

# झारखंड में आउटसोर्सिंग से बहाल किये जायेंगे 286 एजीएम : डॉ इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बिल्डिंग के एनेक्सी भवन में हुई। इसमें मंत्री ने कहा कि विभाग को और अधिक सक्षम बनाने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 286 एजीएम की बहाली की जाएगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल वितरण बढ़ाकर 7 किलो करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंदों को राशन कार्ड से जोड़ा जाएगा। बैठक में विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने संदेश दिया कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**गलत करनेवालों को सजा और बेहतर करनेवालों को ईनाम:** मंत्री ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि गलत कार्य करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए दृढ़संकल्प है और राज्य के हर नागरिक को इसका लाभ मिलेगा। जामताड़ा के उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। राज्य सरकार अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विभागीय कामकाज को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं।

### मंत्री की मुख्य घोषणाएं और निर्देश

**राशन कार्ड से अधिकतम उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य:** मंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 5.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी परिवार अनाज के अभाव में भूखा न रहे।

**सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के तहत बंदना और सोहराय पर्व पर बेहतर गुणवत्ता की धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण किया जाएगा। मंत्री ने इस योजना में पूर्व में हुई गड़बड़ियों की शिकायतों पर जांच और दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

**खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल वितरण में बढ़ोतरी:** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चावल का वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 7 किलो किया जाएगा।

**झारखंड का धान राज्य के भीतर ही उपयोग:** राज्य में उत्पादित धान को झारखंड के बाहर नहीं भेजा जाएगा। सभी संसाधनों का उपयोग झारखंड के लोगों के लिए ही किया जाएगा।

**पहाड़ी क्षेत्रों में चावल की पहुंच:** मंत्री ने कहा कि झारखंड की दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी चावल को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कोई भी परिवार वंचित न रह सके।

**गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर:** विभाग 2जी नहीं, 5जी की स्पीड में काम करेगा और सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएंगे।

### आजसू विधायक निर्मल महतो ने दिया धरना

## गूंजा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच का मुद्दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा के गेट पर जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा गरमाया। आजसू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे थे। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग की। साथ ही, हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुये लाठीचार्ज की भी जांच कराने की मांग की। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल के जारी रिजल्ट को रद्द करने और छात्रों पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की मांग की।

वहीं, भाजपा विधायक प्रदीप यादव ने हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को सरकार की विफलता बताया।

विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर लोगों का अधिकार है। जेएलकेएम पार्टी से विधायक जयराम महतो ने कहा कि छात्र आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि सदन में सीजीएल का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल को छात्रों के पास भेजने का अनुरोध किया था, मगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसी का परिणाम है कि जो छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वो सड़कों पर पीटे और घसीटे जा रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि तथ्य सामने आयेंगे तो सरकार जांच से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि जनता की मांग पर मुख्यमंत्री ठोस कदम उठायेंगे।

## धान खरीद के मामले में किसानों को फिर ठगने को तैयार हेमंत सरकार : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से वादा के अनुरूप धान की खरीदी नहीं किये जाने पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन फिर से ठगबंधन बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए इंडी ठगबंधन ने बहुत गारंटियों की बात की। लेकिन, लगता है ये सिर्फ चुनावी बातें ही रह जायेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जायेगी। लेकिन, चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिये पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं।

## झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंचाकर और मजबूत बनायेंगे : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची में बुधवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक हुई। इसमें सीएम और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के लिए सबों को शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है। विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखण्ड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। हेमंत ने कहा कि आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंचा कर और मजबूत करने का काम करना है। वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है।

## सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग पर 15 को राजभवन के पास जुटेंगे हजारों छात्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर विवादों में है। परीक्षा के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले छात्रों का गुस्सा रिजल्ट जारी होने के बाद और तेज हो गया है। यही वजह है कि हजारीबाग बंद के बाद छात्रों ने 15 दिसंबर को राजधानी रांची में राजभवन के पास धरना देने का फैसला किया है, जिसमें राज्य भर से हजारों छात्र जुटेंगे।

मालूम हो कि हाल ही में जारी रिजल्ट के बाद सफल छात्रों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जाएगा, उससे पहले 15 दिसंबर को छात्र राजधानी रांची में बड़ा आंदोलन कर सरकार को संदेश देने वाले हैं। इस सबके बीच शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि लाठीचार्ज की जांच होगी और सरकार छात्रों के हितों को लेकर गंभीर है। विवादों के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 21 और 22 सितंबर को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक पात्रता संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार किया है।

## झारखंड कैडर के 9 आइपीएस अधिकारियों को मिलेगी प्रोन्नति, 19 को होगी डीपीसी की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैडर के 9 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलेगा। इसको लेकर डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की बैठक 19 दिसंबर को होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के अलावा कई अधिकारी शामिल होंगे। वहीं दूसरी तरफ झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अफसर व तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। इनके अलावा 1992 बैच के आईपीएस अफसर आरके मल्लिक भी जनवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। वे डीजी मुख्यालय हैं। डीजी रेल एमएल मीणा भी जनवरी 2025 में रिटायर हो जायेंगे। इनके अलावा आईजी के पद पर कार्यरत राजकुमार लकड़ा भी जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। वे 2005 के आईपीएस अफसर हैं।

**एक जनवरी से तीन आईपीएस हो जायेंगे आईजी, छह बन जायेंगे डीआईजी और तीन को मिलेगा सिलेक्शन ग्रेड :** एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इनके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। इसके अलावा 2012 बैच के तीन आईपीएस किशोर कौशल, अंजनी झा और मो अर्शी को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिलेगा।

## राज्य में बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक सदस्यता अभियान चलायेगा राजद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय, रांची में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। इस दौरान संजय सिंह यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है, संगठन को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का रसीद जिला अध्यक्ष के माध्यम से सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लेंगे। उन्हीं के माध्यम से प्रदेश कार्यालय में डिपॉजिट भी करेंगे। आने वाले नगर पंचायत और नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से राष्ट्रीय जनता दल के नेता, कार्यकर्ता को करना चाहिए। एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और नेता लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है, उसे हर हाल में पूरा करना है संजय यादव ने सभी को निर्देश दिया कि सभी तन मन से लगकर सदस्यता अभियान में लग जाएं और अधिक से अधिक सदस्य बनाएं।


**cmpdi** A Mini Ratna Company

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834008, झारखण्ड, इंडिया

### सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

पत्रांक............../ सिमडेगा, दिनांक ............../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/SIMDEGA/09/2024-25** जिसका **Pr. N0. 340411 (Simdega) 24-25 (D)** एवं **341404 (Simdega) 24-25:D** है में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधि किया जाता है, निम्नवत है :-

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-11.12.2024
3. ई ०निविदि प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 18.12.2024 से 17.12.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 18.12.2024 को 5:00 बजे

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल,
सिमडेगा

PR.NO.341755 Simdega(24-25):D


### सभी निबंधित पत्रकारों का होगा बीमा और मिलेगी पेंशन की सुविधा

# राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की होगी स्थापना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा। सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी। किसानों को शून्य ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी। राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुए 10,000 करोड़ रुपये की योजनायें प्रारंभ की जायेंगी।

राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की जायेगी। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही, 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे। प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज और प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी। 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुये 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जायेगी। केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी। क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा।

आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के मध्याह्न भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जायेगा। रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाये गये घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जायेगा। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी। सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जायेगा। राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

## सरकार ने अनुपूरक बजट में विभागों के लिए राशि का किया प्रावधान

| विभाग | राशि | वित्त अंकेक्षण | 4.13 |
|---|---|---|---|
| महिला बाल विकास | 6,39,055.83 | वाणिज्यकर | 391.00 |
| प्राथमिक शिक्षा | 27280.18 | खाद्य आपूर्ति | 24.65 |
| माध्यमिक शिक्षा | 30189.57 | वन विभाग | 168.15 |
| आवास प्रभाग | 1.00 | स्वास्थ्य | 14443.13 |
| पंचायती राज | 2516.35 | गृह कारा | 44596.40 |
| ग्रामीण कार्य | 2.66 | उद्योग | 1482.69 |
| डेयरी प्रभाग | 29.34 | सूचना जनसंपर्क | 8027.06 |
| कला संस्कृति | 1924.25 | सांख्यिक वित्त | 11.16 |
| एसटी.एससी पिछड़ा वर्ग | 5238.13 | श्रम विभाग | 158.93 |
| जल संसाधन | 6869.30 | विधि | 56.95 |
| नगर विकास | 143.25 | अल्पसंख्यक कल्याण | 44.02 |
| परिवहन | 0.01 | हाईकोर्ट | 3739.00 |
| पर्यटन | 114.95 | खान विभाग | 1.02 |
| सूचना प्रौद्योगिकी | 36.76 | संसदीय कार्य प्रभाग | 12.00 |
| कृषि प्रभाग | 44.54 | विधानसभा | 1.00 |
| पशुपालन प्रभाग | 509.10 | जेपीएससी | 3540.10 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 6137.14 | योजना विकास | 55.00 |
| राज्यपाल सचिवालय | 13.00 | पेयजल | 3445.50 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 12311.00 | निबंधन | 26.00 |
| मंत्रिमंडल निगरानी | 32.90 | आपदा प्रबंधन | 16640.30 |
| नागर विमानन | 2.00 | राजस्व भूमि सुधार | 315.47 |
| सहकारिता | 25006.41 | पथ विभाग | 17015.00 |
| ऊर्जा | 257792.21 | ग्रामीण विकास | 19428.99 |
| उत्पाद | 66.70 | तकनीकी शिक्षा | 1952 |
| वित्त विभाग | 5865.42 | स्कूली शिक्षा | 22.20 |
| ब्याज संदाय | 11260.27 | ------------------------ | |
| ऋण वापसी | 1700.00 | --------------------------- | |

सुप्रभात
गुरुवार 12.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 231
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# सैलानियों के इंतजार में है बराकर की खबसूरत वादियां

पिंटू कुमार

**जामताड़ा।** यदि आप नववर्ष के आगमन का लुत्फ मनोरम नजारों और प्रकृति की गोद में मनाने की तैयारी में जुटे हैं। बराकर नदी तट की हसीं वादियां आपकी खैरमखदम को तैयार है। नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के बराकर नदी के हरिहरपुर, नौघट्टा, करमदाहा, घटियारी घाट, घाटी जंगल समेत अमझेर पहाड़ी आपकी पसंद के स्थल हो सकते हैं। ये इलाके भीड़ से दूर और एकांत परिवेश में आपको प्राकृतिक सौंदर्य के और करीब



आने का अवसर प्रदान करेगा। यह स्थल नेतरहाट की पहाड़ी तथा मैथन डैम की प्राकृतिक वादियों सा अहसास कराते हैं। नए साल के स्वागत में यहां प्रत्येक वर्ष सैलानियों का जमावड़ा लगता है। सुरक्षा और सुलभता के हर दृष्टिकोण से यह घाट पिकनिक स्पॉट में अपनी शुमारी बढ़ाती है। पहाड़ी के किनारों से होकर कल-कल बहती बराकर नदी की जलधारा आपको नैसर्गिक सौंदर्य का अहसास कराएगी। यहां चट्टानों से ओझल होकर डूबते और उगते सूरज किरण जब पड़ती हैं तो नदी तट पर रेत अपनी सुनहरी चमक बिखेर कर आपको अपनी ओर लुभाता है।

### अमझेर पहाड़ी वन भोज के लिए एक अच्छा स्थल

पांडेयडीह व मुरलीपहाड़ी के रास्ते दुलाडीह गांव के पास से जंगल के रास्ते अमझेर पहाड़ी पहुंचें। यह पहाड़ी पिकनिक स्थल के लिए मशहूर है। नए साल की खुशियों के साथ नवयुवकों के लिए यह मनोरम स्थल बना हुआ है। इसके साथ पिकनिक का आनंद उठाने सैलानियों का पूरे शीतकालीन समय में आना जाना लगा रहता है। यहां पक्षियों के कलरव अमझेर नदी पर बना कच्चा डैम, पहाड़ी व विभिन्न प्रकार के वृक्षों की हरी वादियां मनमोहक नजर आते हैं।

### घाटी जंगल

नारायणपुर और पांडेडीह के बीच में घाटी जंगल स्थित है। प्राकृतिक वादियों से रूबरू कराता यह पूरा क्षेत्र पिकनिक के लिए बहुत ही मुफीद स्थलों में से एक है। हरे भरे पेड़ पौधे तथा मध्य से निकल रही जलधारा लोगों को यहां खूब आकर्षित करती है। इसके अलावा वन विभाग के द्वारा बनाए गए वाच टावर भी युवा तथा बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र है। वॉच टावर से पूरे जंगल का दृश्य दिखता है।

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर मारवाड़ी समाज डीसी और एसएसपी से मिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** चिरकुंडा थाना स्थित बिजली आफिस के समीप गत दिनों कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा गुटका खाकर थूकने के विवाद मामले में मारपीट करने के आरोपी की जल्द गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को धनबाद जिला मारवाड़ी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिला के एसएसपी एवं उपायुक्त से मिला। एसएसपी व उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एक हफ्ते में आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी और शराबबंदी पर कड़े कदम उठाए जाएगें।



**मुलाकात करने वालों में थे शामिल:** अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन धनबाद जिला के अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, धनबाद नगर निगम के निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल , निरंजन अग्रवाल राजकुमार जिंदल, विकास गढ़याण, आकाश गढ़याण, संदीप जिंदल प्रणब गढ़याण आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति सरकार गंभीर: देबू



**धनबाद।** झारखंड के नए मुख्यमंत्री ने झारखंड आन्दोलन से किए गए वादे को पहली कैबिनेट में ही मे ऐतिहासिक फैसला लेकर झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान दिया है। उक्त बातें झामुमो के वरीय नेता देबू महतो ने कही।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के गाड़ा पाथर के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना बुधवार दोपहर 1 बजे की है। लक्ष्मीपुर निवासी रंजीत हेम्ब्रम अपने पत्नी हारमुनि मरांडी 27 वर्ष को लेकर नारायणपुर आ रहे थे। वही गाड़ा पाथर के समीप बाइक अनियंत्रित हो गई और हारमुनि मरांडी बाइक से गिर कर घायल हो गए। घटना के बाद ऑटो से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया गया। जहाँ उनके इलाज के बाद बेहतर इलाज के बाद सदर अस्पताल जामताड़ा रेफर कर दिया। डॉ एस के गुप्ता ने बताया की हेड इंजरी रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए हाई सेंटर रेफर किया गया है।

### स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



**धनबाद।** भारतीय एकता शेर सेना सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को रक्त दान शिविर का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता सह भारतीय एकता शेर सेना के संस्थापक रंजन गुप्ता, सदस्य मृत्युंजय चौरसिया, अमित कुमार, उदय शंकर प्रसाद, ऋषिकेश प्रसाद, रवींद्र कुमार सिंह द्वारा रणधीर प्रसाद वर्मा चौक के निकट धरना स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में पंद्रह यूनिट रक्त दान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने उद्घाटन किया। साथ में मैजिस्ट्रेट नारायण राम एवं रविन्द्र नाथ ठाकुर शामिल हुए, विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा नेत्री तारा देवी शामिल हुई एवं संस्था के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य की सहराना की। रक्तदान शिविर में संस्था के रविंद्र सिंह, सौरव मिश्रा, अमित गुप्ता, उदय संकर, मृत्युंजय कुमार सेवा में सक्रिय थे।

# जीटी रोड से हटाया गया अतिक्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** एनएचएआई के अधिकारियों ने अमीन लेकर गोविंदपुर में जीटी रोड के दोनों और अपनी जमीन की मापी की ओर चिन्हित किया। अधिकारियों ने कहा कि बाजार क्षेत्र में डिमार्केशन का काम पूरा कर लिया गया है। अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे जेसीबी के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू करेंगे। ऐसे प्रशासन की चेतावनी के बाद 75% अतिक्रमण हटा लिया गया है। शेष अतिक्रमण अंचल अधिकारी की देखरेख में हटाया जाएगा। अंचल अधिकारी ने कहा कि छोटे-मोटे दुकानदारों को माडा मैदान में प्रवेश कर दिया जाएगा। माडा मैदान के बाहर कोई भी दुकान नहीं लगेगी। माडा मैदान की साफ-सफाई भी करा दी जाएगी और सभी को पांच-पांच फीट की दुकान माडा ग्राउंड में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निरसा की ओर जाने वाली टेंपो और गाड़ियों का स्टैंड गोविंदपुर थाना के अपोजिट सर्विस लेन के बाद जीटी रोड की खाली जमीन पर लगेगा। इसी तरह धनबाद की ओर जाने वाली टेंपो का स्टैंड ठाकुरबाड़ी के पास सर्विस लेन से हटकर जीटी रोड की जमीन पर लगेगा। इसी तरह की व्यवस्था गोविंदपुर ऊपर बाजार में भी की जाएगी। अंचल अधिकारी ने भी जीटी रोड में अतिक्रमण का जायजा लिया और चेतावनी दी की जो भी अतिक्रमण रह गया है उसे बुधवार सुबह तक हर हाल में हटा ले अन्य था बुधवार 11:00 बजे से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा और जेसीबी से सारा अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### मुस्तैद हुई अधिकारियों की टीम




**गोविंदपुर में फिर लगा जाम :** ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से मंगलवार को गोविंदपुर जीटी रोड पर दिल्ली लेन में सड़क जाम लगा। बाद में ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह पहुंचे और उन्होंने खुद मोर्चा संभाला तथा जीटी रोड को जाम से मुक्त किया। सुरक्षा के लिए एनएचएआई ने फकीरी साहिबगंज चौक के दोनों रंबल स्ट्रिप लगा दिया है ताकि वाहनों की गति कम हो सके हैवी इंजीनियर एलजी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के और उपाय किए जाएंगे इधर जीटी रोड सुभाष चौक के पास ट्रैफिक पुलिस ने 100 से अधिक वाहनों का चालान काटा नागरिकों ने इसकी शिकायत अंचलाधिकारी से की है अंचलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वह इस मामले में ट्रैफिक डीएसपी से बात करेंगे अंचलाधिकारी को नागरिकों ने बताया कि गोविंदपुर में अभी सर्विस लेन का काम हो रहा है और सारे क्रॉसिंग बंद कर दिए गए हैं इस स्थिति में लोग रॉन्ग साइड चलेंगे और कुछ दूरी पर ही रॉन्ग साइड चलने से चालान काटना अनुचित है नागरिकों ने शिकायत की है कि दो पहिया वालों को 8000 तक का चालान काट दिया गया है जो गलत है उन्होंने कहा कि इसका विरोध किया जाएगा उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस वाहन नियंत्रण की बजाय चालान काटने में व्यस्त रहती है इस स्थिति में ट्रैफिक पर कंट्रोल कैसे होगा यही कारण है कि बार-बार सड़क जाम लग जा रहा है अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था पीयूष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने मंगलवार शाम को भी गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में जीटी रोड का निरीक्षण किया तथा कार्य प्रगति की समीक्षा की। श्री सिन्हा ने अंचल अधिकारी एवं एनएचएआई के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए उन्होंने गोविंदपुर थाना के आगे वर्षों से खड़ी शेष गाड़ियों को हटा लेने का निर्देश दिया तथा एनएचएआई से बाजार क्षेत्र में काम यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने 20 दिसंबर तक गोविंदपुर के दोनों सर्विस लेन का काम हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया और इस कार्य में गोविंदपुर वासियो से सहयोग की अपील की।

# वार्डवार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2024 के निमित्त पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण के लिए बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्रीफिट इंडिया माधवी मिश्रा ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को वार्ड वार प्रगणक का गठन कर सर्वे शुरू करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद में अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के संबंध में वार्ड बार सूचना अद्यतन मतदाता सूची के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 1 से 3 में एवं पिछड़े वर्गों की राजनैतिक स्थिति की जानकारी के लिए अनारक्षित वर्ग के विरुद्ध चुने गए अत्यंत पछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधियों की सूचना पिछले दो निर्वाचन के आधार पर निर्धारित प्रपत्र 4 से 5 में प्राप्त कर 31 दिसंबर से पहले पूरा करें।उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी शीघ्र वार्ड वार प्रगणक का गठन कर डोर टू डोर सर्वे शुरू कर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करें।



बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा मिश्रा, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी तथा सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों ने दुकान में लगाई आग, 1 लाख की संपत्ति जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता



**तोपचांची।** बुधवार अहले सुबह तोपचांची थाना से करीब 100 मीटर के दुरी में स्थित नाश्ता दुकान में असमाजिक तत्वों ने आग लगा दी। दुकान दुकानदार नेवेदत मोदक उर्फ रथू के परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन थी। दुकानदार नेवेदत मोदक उर्फ रथू ने बताया कि बुधवार अहले सुबह करीब 3 बजे के आसपास घटना घटी, जिसमें दुकान में रखे सभी सामान जल कर राख हो गए। घटना में करीब 1 लाख रुपए की सामग्री जल कर राख हो गई। उन्होंने घटना की लिखित आवेदन तोपचांची थाना में दे दिया गया है। इधर तोपचांची पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** बुधवार शाम को तोपचांची में एक सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें तोपचांची निवासी भीम बढ़ई गंभीर रुप से जख्मी हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को तोपचांची स्थित नेशनल हाईवे को भीम बढ़ई पार कर रहे थे उसी वक्त अज्ञात कार ने ऑटो चालक को चकमा दे दिया, जिससे ऑटो चालक अपनी संतुलन को खोते हुए सड़क पार कर रहे भीम बढ़ई को अपने चपेट में लिया। घटना में भुक्तभोगी भीम बढ़ई को गंभीर चोट आई है। आनन-फानन में एनएचआई एंबुलेंस के सहारे गंभीर रुप से जख्मी युवक को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। इधर घटना के बाद ऑटो चालक घटनास्थल पर ऑटो को छोड़कर फरार हो गया है, तोपचांची पुलिस को ऑटो को अपने कब्जे में लेकर पड़ताल में जुट गई है।

# खोरठा कलाकार ने प्रेस क्लब को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** प्रभात स्टेडियम मुगमा में खोरठा कलाकार और प्रेस के बीच दोस्ताना मैच हुआ टॉस जीतकर पहले खोरठा कलाकार बोलिंग करते हुए प्रेस क्लब निरसा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाया। वही खोरठा कलाकार के खिलाड़ियों ने रनों का पीछा करते हुए 19 ओवर में 87 रन बनाकर मैच को जीत दर्ज कराया जिसमें मुख्य रुप से को मैन ऑफ द मैच



खोरटा कलाकार की टीम के उज्जवल बाउरी को दिया गया। खेल के समाप्ति क्रिकेट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर यह दोस्ताना मैच का आयोजन किया गया था पप्पू केवट ने खिलाड़ियों से कहा कि मैच हारे हैं मैदान नहीं छोडे है मौके पर मौजूद उत्तम झा, धनु शर्मा, विश्वजीत शर्मा, मलय गोप, पप्पू केवट, बबाई घोष, उज्जवल गोस्वामी, राजू सिंह, गौतम कुमार अनुज कुमार, कुणाल पालिक सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे। वही खोरटा कलाकार विनर टीम में दिलीप कुमार, रासु दास, राजेश दीवाना, अभिषेक सिंह, विकास मलिक, उज्जवल बाउरी, रोहित बाउरी, शिबू बाउरी, नवीन बाउरी, लिलमोहन रवानी, लालमोहन रवानी मौजूद थे।

## एक नजर में

### स्कूली बच्चों को नहीं मिला ड्रेस

**पूर्वी टुंडी।** बढ़ती ठंड और कड़ाके को देखते हुए प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में सरकारी योजना के तहत वर्ग एक और दो के छात्र छात्राओं को स्कूल ड्रेस, जूता, मौजा, स्वेटर,आदि दिया जाना है। जिनमें बहुत से विद्यालयों में अभी तक छात्र-छात्राओं को ड्रेस वह अन्य समान नही मिल सका है। जिस कारण बच्चों को विद्यालय आने में काफी परेशानी हो रही है। अभिभावकों का कहना है कि ठंड में काफी इजाफा हुआ है। स्कूल से अब तक जूता, मौज और ड्रेस का ना पैसा दिया गया है और नहीं ड्रेस दिया गया है। क्लास रूम में ठंड की वजह से बच्चे ठिठुर जाते हैं। इन सब का राशि नहीं मिलने को लेकर बड़बाद स्कूल में बुधवार को प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा भी हुई। जिसमें अभिभावक के द्वारा जूता मौज और ड्रेस के राशि की मांग की गई। प्रधानाध्यापक ने कहा की सूची भेजा गया है। अभिभावकों ने कहा कि कई बार बैंक का पासबुक और आधार कार्ड वगैरह दिया गया। लेकिन अब तक राशि नहीं मिला है। वही कई विद्यालय में ड्रेस कोड आदि बढ़ चुके हैं। विद्यालय में सामग्री देने वाले व्यापारी का कहना है कि बीआरसी कार्यालय से निर्धारित समय पर बिल भुगतान नहीं होने पर काफी परेशानी होती है।

### सिंदरी कॉलेज में फिट इंडिया में क्विज प्रतियोगिता



**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज सिंदरी में फिट इंडिया वीक अंतर्गत स्वास्थ्य, योगा एवं ओलंपिक विषय पर बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता में चार टीमों के बीच छः चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर के के पाठक ने किया और संचालन वाणिज्य विभाग से डॉ सुमिरन कुमार रजक ने किया। शिक्षक डॉ नीतू गौरव कुमार ने प्रतियोगिता परिणाम घोषित किया और डॉ सनत कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ मनोज तिवारी, प्रो मनमोहन सिंह, डॉ विशु मेंघनानी, डॉ शर्मिष्ठा आचार्या, डॉ आरती यादव, डॉ अनुराधा दास, डॉ रंजीत प्रसाद रजक, प्रो निशांत दुबे, प्रो अंकित, प्रो पूजा, प्रो रमोला जोजो, डॉ शुभाशीष दत्ता, डॉ राजेश गुप्ता सहित छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### तोपचांची में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक



**तोपचांची।** बुधवार को तोपचांची प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक हुई। बैठक में प्रखंड प्रमुख आनंद महतो ने पंचायत समिति सदस्यों को जमीनी स्तर पर जाकर जांच करने और रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तोपचांची प्रखंड के बहुत सारे विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, तथा इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में तोपचांची बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी ने कहा कि हमें अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि तोपचांची प्रखंड में कुल 399 पीएम आवास योजना स्वीकृत हुआ है, लेकिन कुछ पंचायतों को एक भी पीएम आवास नहीं दिया गया है। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में चर्चा की और अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए काम करने का संकल्प लिया। उप प्रमुख हेमलाल महतो ने मनरेगा योजना से बना कूप निर्माण में मनरेगा की राशि की गड़बड़ी का मामला उठाया, जिस पर तोपचांची बीडीओ ने जल्द जांच करने का आश्वासन दिया।

### पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**तोपचांची।** बुधवार को गोमो स्थित पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय मंडल विद्युत अभियंता हरिवंश प्रसाद मौजूद थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो बच्चों में नकारात्मकता को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। विभिन्न प्रकार की आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में ताइकांडो, दौड़, कबड्डी, रिले रेस, टग ऑफ वार आदि शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नर्मदा हाउस के झकास कुमार और बालिका वर्ग में नर्मदा सदन की अंजली धारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः यमुना कुमार और शुभम कुमार रहे। प्रतियोगिता समाप्ति के पश्चात प्राचार्य विभूति भूषण पांडे ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया और बच्चों को संबोधन किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो बच्चों में नकारात्मकता को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

### गोविंदपुर क्षेत्र में आज बिजली बाधित रहेगी

**गोविंदपुर।** गुरुवार की सुबह 7 बजे से अपराह्न 5 बजे बजे तक गोविंदपुर क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी। इस दौरान डीवीसी द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इसको लेकर 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र आमाघाटा और खड़काबाद से भी संबंधित सभी फीडरों से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे गोविंदपुर बाजार, कुरैसीनगर, गोसाईंडीह, तिलकरायडीह, रतनपुर, बागसुमा, गोड़तोपा, नवाटांड़, कुरची, अम्बोना, महुबनी, बरियो, पथुरिया, मटियाला, सरकारडीह, मचामहुल जंगलपुर, देवली, भेलाटांड़, मोरंगा, मुगार्बानी, गहिरा, अम्बोना मोड़ आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

# बीआईटी में कार्यशाला के तीसरा दिन अनुसंधान में अनुप्रयोग विषय पर विशद मंथन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी सिविल इंजीनियरिंग विभाग में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग विषय पर चल रहे पाँच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन भी एक्सपर्ट लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद राँची द्वारा प्रायोजित किया गया। पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन बीआईटी सिंदरी के सहप्राध्यापक डॉ ब्रह्मदेव यादव ने शहरी क्षेत्रों में भू-तकनीकी समस्याओं के लिए जीआईएस, मृदा क्षरण जोखिम मूल्यांकन पर अपने अनुभव साझा किया। झरिया कोलफील्ड का उदाहरण देते हुए देश विदेश में इसके उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संस्थान के सहायक प्राध्यापक प्रो प्रशांत रंजन मालवीय ने बताया कि स्नातकोत्तर के विद्यार्थी इसे अपने प्रोजेक्ट में भी शामिल कर सकते हैं। दूसरे रिसोर्स पर्सन भुवनेश्वर ओयूएटी कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ सुचारिता प्रधान ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वॉटरशेड प्लानिंग पर प्रशिक्षण दिया।



कार्यक्रम में जल संसाधन अभियंता इकारडा इजिप्ट से डॉ सतीप्रसाद साहू ने विजुअल इंटरप्रिटेशन ऑफ मल्टी स्पेक्ट्रल, इमेज क्लासीफिकेशन पर प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण सत्र संचालित किया। कार्यशाला के संयोजक सह विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने कार्यशाला के सफल आयोजन समिति सहित सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रो (डॉ) उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ निशिकांत किस्कु और प्रो सरोज मीणा सहित संस्थान के विभिन्न विभागों से शिक्षक संकायों, सभी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के साथ साथ दूसरे संस्थानों की विद्यार्थियों की पूर्ण भागीदारी देखी गई।

जिले के अयोग्य राशन कार्डधारियों से उपायुक्त ने की कार्ड सरेंडर करने की अपील

# संपन्न परिवार के राशन कार्ड सरेंडर नहीं करने पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने जिले के आर्थिक रूप से सम्पन्न राशन कार्डधारियों को अपना कार्ड आगामी 20 दिसंबर आपुर्ति विभाग के समक्ष सरेंडर करने की अपील की है,ऐसा नहीं करने पर संबंधितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने एवं वसूली करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जिले में कई ऐसे संपन्न परिवार हैं जो आर्थिक रूप से मजबूत होने के बावजूद राशन कार्ड रखकर राशन का उठाव कर रहे हैं, जिसके कारण जिले के कई योग्य व्यक्ति राशन कार्ड योजना से वंचित है साथ ही विभाग को आर्थिक हानि भी हो रही है।

**लक्ष्य निर्धारण करने का लक्ष्य :** कहा कि जिले के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 अंतर्गत कुल 18,28,926 सदस्यों को आच्छादित किये जाने हेतु लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध वर्तमान में शत-प्रतिशत लाभुक परिवार के सदस्य आच्छादित हो चुके हैं, ऐसी स्थिति में राशन कार्ड में छूटे हुए लाभुक परिवार के सदस्यों का नाम जोड़ने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति नहीं हो पा रही है। सरकार द्वारा निर्धारित अपवर्जन मानक के राशन कार्डधारियों को राशन कार्ड सरेंडर करना अनिवार्य है। आर्थिक संपन्न कार्डधारी से स्वेच्छा से 20 दिसंबर तक राशन कार्ड सरेंडर हेतु आवेदन में अपने डीलर के जरिये एमओ को समर्पित करने की अपील की है।

■ यदि सरेंडर नहीं किये और पकड़े गये तो लिये गये राशन की बाजार दर पर 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष के ब्याज पर वसूली की तैयारी



**निगरानी सतर्कता समिति की बैठक कर 20 दिसंबर तक अयोग्य कार्ड सरेंडर करायें सभी बीडीओ :** उपायुक्त ने जिले के सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/ निगरानी सतर्कता समिति की बैठक कराते हुए 20 दिसंबर तक अयोग्य कार्ड सरेंडर करवाने की बात कही है। कहा कि वैसे अपात्र लाभुक जो अपना राशन कार्ड स्वतः सरेंडर नहीं करते हैं उनकी सूची सुस्पष्ट कारण सहित तैयार कर 25 दिसंबर तक संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मुखिया की अनुशंसा के साथ डिलिशन हेतु प्रखंड कार्यालय में डीलरों के माध्यम से समर्पित किया जाना सुनिश्चित होना चाहिये।

## कर्मियों के हाजिरी नहीं बनाने पर उताकी मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक और बीडीओ को शो-कॉज

■ उप विकास आयुक्त ने किया पाटन के उताकी पंचायत का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को पाटन प्रखण्ड के उताकी पंचायत का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि पंचायत में बायोमैट्रिक उपस्थिति के लिए पूर्ण व्यवस्था रहने के बावजूद पंचायत में पदस्थापित किसी भी कर्मी द्वारा पंचायत कार्यालय में उपस्थिति दर्ज नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे जनसेवकों के द्वारा उपस्थिति कहीं दर्ज नहीं की जाती है। इसके लेकर उताकी के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक बीडीओ को शो-कॉज किया गया। उन्होंने सभी को अपने निर्धारित स्थल पर हाजिरी बनाने पर बल दिया। इसके अलावे उताकी पंचायत के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक का वेतन रोका गया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने पंचायत में संचालित मनरेगा एवं आवास के योजनाओं की समीक्षा भी की। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान लोगों से जानकारी लेते डीडीसी व अन्य।

### स्पीड न्यूज

### दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता देवेश ने कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात



**मेदिनीनगर।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह देशबंधु महाविद्यालय व दिल्ली विवि के छात्र संघ के अध्यक्ष देवेश तिवारी ने भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री (शिक्षा मंत्रालय) धर्मेन्द्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। केंद्र सरकार के पलामू प्रमंडल के बरवाडीह में नया केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए मंत्री को धन्यवाद दिया। श्री तिवारी ने कहा कि श्री धर्मेंद्र का आशीर्वाद और स्नेह मुझे लगातार मिलता रहता है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि पलामू प्रमंडल में जल्द ही उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा कॉलेज खोले जायेंगे।

### भाजपा नेता ने की कंबल-अलाव की मांग



**हरिहरगंज पलामू।** बढ़ती ठंड में कंबल वितरण में देरी को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने प्रेस वार्ता कर झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से जरूरतमंदों के बीच शीघ्र कंबल बांटने तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यस्था की भी मांग की है। कहा कि ठंड से बचने के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीबों व असहायों को बांटे जाने वाले कंबल वितरण में देर होने से बढ़ते ठंड में जरूरतमंदों की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रेस वार्ता में संजय जायसवाल, शंभू यादव, गोपाल गुप्ता, शंभू सिंह, विजय पासवान, रामचंद्र चौधरी, सत्येंद्र पासवान, राजकुमार चौधरी, केदारनाथ ठाकुर शामिल थे।

### बांके बिहारी के बोल पर झूमे श्रद्धालु



**मेदिनीनगर।** शहर के रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी में चल रहे श्रीमदभगवद कथा के 17वें अधिवेशन के चौथे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारीं कथा व्यास स्तुति दीदी जी ने मंगलाचरण और भजन संकीर्तन के साथ कथा आरंभ किया। उन्होंने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन सुनाया। श्रीकृष्ण के माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी लीलाओं ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें यह सिखाती हैं कि सच्चा आनंद न केवल भौतिक चीजों में है, बल्कि परमात्मा की भक्ति में है। कथा में गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ी थी। भजन-कीर्तन और प्रवचन के बीच भक्त झूम उठे। श्रद्धालुओं ने भक्ति और आध्यात्म का गहरा अनुभव किया। कथा व्यास स्तुति दीदी जी भजन पर झलक दिखलाये वो, दीवाना बनाये वो, एक झलक दिखलाते हुए बाकी बिहारी के बोल पर भक्तजन काफी झूमे। मौके पर समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, संगरक्ष विजय तिवारी, मीडिया प्रभारी नितेश तिवारी, रूपेश तिवारी सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### सेवा कार्य दिवस के रूप में मनायी गयी शिक्षाविद की पुण्यतिथि



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** शिक्षाविद एवं लेस्लीगंज+2 हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक रहे पंडित राम बल्लभ तिवारी की छठी पुण्यतिथि बुधवार को उनके लेस्लीगंज स्थित आवास पर मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, उच्च विद्यालय के प्राध्यापक अमरेश सिंह ने पूर्व प्राध्यापक रमा बल्लभ तिवारी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात वक्ताओं ने कहा कि राम बल्लभ तिवारी ने 1954 में लेस्लीगंज उच्च विद्यालय की स्थापना काल से इस क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का काम किया। उन्हीं की देन है कि कई पीढ़ी शिक्षा के क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों से आगे है। उनका हमेशा सामाजिक सरोकार भी रहा और समाज के विभिन्न वंचित लोगों को लिए भी उन्होंने कार्य किया। इसी को उनके परिजन आगे बढ़ा रहे हैं। परिजनों ने उनकी पुण्यतिथि को सेवाकार्य दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है जो प्रशंसनीय है। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक के परिजनों के द्वारा निर्धन जरूरत मंद छात्रों के लिए 15000 का सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुशील तिवारी, तारकेश्वर पासवान, सतीश तिवारी, अजीत तिवारी, रामप्रकाश तिवारी भी थे।

# सांसद ने लोकसभा में उठाया उतरी कोयल जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण कराने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू प्रमंडल के अति महत्वपूर्ण परियोजना उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने संबंधित मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि झारखंड राज्य के लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है।


**करीब 1,11,521 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित :** इसमें झारखंड राज्य के पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने को लेकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। प्रधानमंत्री ने 5 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। प्रधानमंत्री के द्वारा शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमंडल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी। परंतु डूब क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग 6 महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है। विदित है कि डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास तथा शेष कार्यो के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं। उक्त राशि राज्य सरकार को मिल चुकी है। परंतु राज्य सरकार ने उक्त राशि को डूब क्षेत्र के ग्रामीणों का मुआवजे और पुनर्वास हेतु वितरित नही किये जाने के कारण परियोजना का निर्माण कार्य लंबित है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि राज्य सरकार को उक्त परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

■ लोगों को पेयजल के साथ-साथ अद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना

■ केंद्र ने दी थी 1622.27 करोड़ की लागत से इसके पुनर्निर्माण की स्वीकृति

■ राज्य सरकार की उदासीनता से लगभग 6 महीने रूका रहा कार्य



## उपायुक्त से निमियां समेत आसपास के गांवों में जलापूर्ति शुरू कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



परशुराम ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष।

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने जिला के उपायुक्त शशिरंजन को ज्ञापन के माध्यम से शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति संबंधित समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला अंतर्गत निमिया एवं आसपास के गांवों में ग्रामीण जलापूर्ति शुरू कराने की जरूरत है। श्री ओझा ने है कि निमिया ग्राम में जो आज वार्ड में आ चुका है इस एरिया के पानी सप्लाई के लिए 29 दिसंबर को शिलान्यास किया गया था। आज 4 साल होने जा रहा है लेकिन अभी तक टंकी का निर्माण चल रहा है। निमिया गांव में रहने वाले लोग उस क्षेत्र में काफी संख्या में नया मकान भी बनाकर रहते हैं। अभी तक लोगों को पानी का किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस एरिया में 600 फीट बोरिंग करने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिलता है । केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा विभाग को काम करने के लिए हर तरह का फैसिलिटी देने के बाद भी आम नागरिक को समय पर पानी सप्लाई का व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। वहां के लोग पानी सप्लाई को लेकर सुबह से शाम तक चिंतित रहते हैं कि कहां से पानी की व्यवस्था करें लेकिन विभाग के द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। आज 4 साल से यह कार्य विभाग के द्वारा पेयजलापूर्ति के लिए कार्य कराया जा रहा है लेकिन लगता है कि इस साल भी गर्मी में लोगों को पानी सप्लाई नहीं किया जा सकेगा। एक जगह टंकी बन गया है दूसरा जगह ढलाई हो रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कि यह स्कीम जो बनाया जा रहा है पाइप कहां-कहा बिछाना है इसकी जानकारी जनता को भी होना चाहिए।

## पलामू के किसानों का आत्मनिर्भर बना सकते हैं उद्यानिकी फसल : आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र (जोनल रिसर्च सेंटर/ जेडआरएस), चियांकी परिसर में अवस्थित संतरा बागान का भ्रमण कर संतरा के पेड़ों एवं उसमें लगे फलों का अवलोकन किया। कम बारिश एवं उच्च तापमान वाले पलामू जैसे स्थान पर संतरा के फलों को देखकर वे काफी प्रभावित हुए। भ्रमण के दौरान उपस्थित जेडआरएस के सह निदेशक डॉ अखिलेश साह ने आयुक्त को जेडआरएस द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अनुसंधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। आयुक्त ने संतरा बागान के साथ-साथ वहां मेढ़ विधि में लगे अरहर की खेती एवं विभिन्न प्रजातियों के गेहूं की लग रही फसलों का अवलोकन किया। आयुक्त ने कहा कि उद्यानिकी फसलों में पलामू प्रमंडल के किसान आत्मनिर्भर हो सकते हैं। पलामू में कृषि विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र स्थापित है।

■ पलामू आयुक्त ने किया जेडआरएस के संतरा बागान और हरिहरगंज के अमरूद बागान का अवलोकन



**खास बातें :** यहां के किसान भी इनोवेटिव हैं, जो कृषि एवं उद्यानिकी फसलों में प्रयोग कर अपनी पहचान बनाये हुए हैं। इसके अलावा सरकार के द्वारा किसानों को जागरूक एवं प्रेरित किया जाता रहा है। साथ की किसानों को उन्नत प्रभेद की बीज उपलब्ध कराया जाता है।

**नागपुरी संतरा का स्वाद जाना :** उन्होंने संतरा का स्वाद का नागपुरी संतरा के स्वाद से तुलनात्मक जानकारी ली। इसके अलावा अनुसंधान केन्द्र में तैयार की जा रही पौधे, पॉली हाउस के माध्यम से खेती की विधि, उनके गुणवत्ता एवं उपज, आम, आंवला, अमरूद की बागवानी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को यहां भ्रमण कराते हुए अधिक उत्पादन वाले खेती करने एवं उद्यानिकी फसलों को लगाने की दिशा में प्रेरित कराने की सलाह दी। इधर, पिछले दिनों आयुक्त ने हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटकोंबा गांव में बंजर भूमि पर किसान अजय मेहता द्वारा की गयी अमरूद की खेती सहित मौसंबी एवं अन्य उद्यानिकी फसलों का अवलोकन कर जानकारी ली। किसान अजय मेहता सैकड़ों एकड़ भूमि पर उद्यानिकी फसलों को लगाया है। आयुक्त को किसान अजय मेहता ने बताया कि उनके बागान में उत्पादित थाई प्रजाति की अमरूद बिहार के पटना, गया एवं अन्य दूसरे शहरों में भेजा जाता है।

### युवक को गोली मार कर किया घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कोयल नदी किनारे कसाब मोहल्ला में बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार को सद्दाम कुरैशी (30) को गोली मार दी। इस घटना में घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसे बांह में गोली लगी है। गोली मारने वाले अपराधियों की संख्या दो है। दोनों बाइक से पहुंचे थे। जख्मी युवक मेदिनीनगर की शास्त्री नगर निवासी नमिता देवी मर्डर केस में जेल जा चुका है। सदीक चौक से सटे एक दुकान में दिनदहाड़े नमिता देवी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## संत जोसेफ के विद्यार्थियों ने लगायी मॉडल पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी



■ विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि व जागरूकता विकसित करने का है साधन : कार्यपालक पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं के द्वारा वैज्ञानिक अवधारणाओं, प्रयोगों व विद्यालयीय परियोजनाओं को प्रस्तुत करने का एक आयोजन है। जहां विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम छात्रों को विज्ञान के बारे में सीखने व अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि व जागरूकता विकसित करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उक्त बातें विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत ने कहा।

बुधवार को पूनम तिवारी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर के संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। साथ हीं छात्रों में समस्याओं की पहचान करने, समाधान खोजने, व निष्कर्षों को प्रस्तुत करने का कौशल विकसित होता है। इतना हीं इससे छात्रों को अपने रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। कहा कि आज हम सभी पूरी तरह विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर निर्भर हैं।

इसके पूर्व पूनम तिवारी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर के संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, विद्यालय के निदेशक एनके तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विद्यालय के निदेशक एनके तिवारी ने कहा कि आज विज्ञान का युग है। छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## एकता और भाईचारा का प्रतीक है उत्सव झूलन मेला : पंचम प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

■ प्रखंड प्रमुख ने सिंचाई विभाग के मैदान में किया मेला का उद्घाटन



**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में बुधवार को दोपहर में उत्सव झूलन मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित चौहान, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद ने मेले का विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। मालूम हो कि कई वर्षों से युवा समाज सेवी अजय विश्वकर्मा व स्थानीय युवा पारंपरिक मेला का आयोजन करते रहे हैं। जहां मनोरंजन के काफी सारे साधन मौजूद है। छोटे बच्चो से लेकर महिलाओं और पुरुषों के लिए इस बार झूलन मेला को खास रूप से सजाया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि मेला केवल लोगों के मिलने जुलने और मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि एकता व भाईचारा का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम से लोगों में भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द भी बढ़ता है।

## सीओ बोले- शहर में सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण करनेवालों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन लग रहे जाम से निजात पाने को अंचल कार्यालय तथा नगर पंचायत कार्यालय ने सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को सीओ मनीष सिन्हा तथा नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने थाना से अररूआ खुर्द मवि तक सड़क के दोनों ओर के दुकानदारों को सड़क तथा नाला के बीच वाहन नहीं लगाने तथा फुटपाथ पर समान रखकर आवागमन बाधित करनेवालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। सीओ ने बताया कि गुरुवार से सड़क तथा फुटपाथ पर अतिक्रमण करनेवालों से दण्ड शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन बाइक व आटो पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था कर रही है। मालूम हो कि हरिहरगंज शहर के लोग प्रतिदिन सड़क पर लगने वाले जाम से परेशान हैं। वहीं कई लोगों द्वारा फुटपाथ का भी अतिक्रमण कर लिया जाता है। जिससे पैदल चलना भी मुश्किल है। मौके पर अंचल व नगर पंचायत के कर्मी के साथ पुलिस बल उपस्थित थे।

## साप्ताहिक हाट बाजार और मुख्य मार्ग किनारे की सरकारी भूमि पर हटाया गया अतिक्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में बुधवार को साप्ताहिक हाट बाजार क्षेत्र तथा रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा हटाया गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र में बुलडोजर घुसते ही लोगों में अफरा तफरी मच गई। अंचल प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान सैकड़ों का करकट शीट तथा सीढी फर्श का जमीन और बाउंड्री वॉल तथा कई जगहों पर बुलडोजर से तोड़ डाली। इस दौरान लोग अपने-अपने सामान तथा करकट शीट खोलने के लिए लोग जान जोखिम में डालकर छत पर चढ़ गये और खोलने लगे। देर होते ही बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान मलबा हटाने के लिए दो ट्रैक्टर को भी साथ रखा गया था।



**क्या है मामला** मालूम हो कि मंगलवार को सतबरवा पुराना थाना भवन से लेकर रामघाट यात्री शेड जोड़ा तक सरकारी भूमि पर कब्जा जमाये हुए लोगों के दुकान तथा मकान पर बुलडोजर चलाया गया। बुधवार को मेलाटांड़ हाट बाजार क्षेत्र में बुलडोजर का एक्शन चला। अंचल पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में सीआई विकास तिर्की, राजस्व उप निरीक्षक यमुना पंडा, श्रीकांत दास, जितेंद्र कुमार, अंचल अमीन अरविंद कुमार, एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई राजीव रंजन, एएसआई वसंत कुमार दुबे के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान और लोग मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीणों ने सीओ तथा अन्य पदाधिकारी के पास अतिक्रमण जल्द हटा का निवेदन भी करते दिखे लेकिन प्रशासन का डंडा कथित अतिक्रमण की गयी भूमि पर चलता रहा।

**सरकारी जमीन से हटाया जा रहा है अतिक्रमण : सीओ**

सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने की सूचना के बाद तीन माह पहले मापी के बाद नोटिस दिया गया था। चुनाव खत्म होते ही सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण कर कब्जा किये लोगों से अतिक्रमणमुक्त कराया जा रहा है। इस दौरान दो बार जमीन की मापी की गयी। अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया। परंतु अतिक्रमण नहीं हटा। वाहन जाम लगने से रांची-डाल्टनगंज आने जाने वाले मरीजों का एंबुलेंस फंसता था। एनएच पर हर समय वीवीआईपी तथा अन्य बड़े अधिकारियों का मूवमेंट रहता है। इस दौरान सड़क में जाम रहने के कारण कई वाहन फंस जाते थे।

## भितियाही में पीड़ित परिवार से मिले पूर्व सांसद मनोज कुमार

■ डकैती में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाते पूर्व सांसद व उपस्थित अन्य।

**पाटन पलामू।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मनोज कुमार एवं पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुष्पा देवी पाटन प्रखंड के पचकेडिया पंचायत अंतर्गत के भीतियाही पहुंचे। जहां पूर्व में भीतियाही के बिनोद मेहता के घर डकैती हो गयी थी। पूर्व सांसद पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी लेने के बाद पलामू डीएसपी से बात कर इस घटना में शामिल डकैतों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को हर संभव साथ दे। इसके बाद पूर्व सांसद नवाजायपुर स्थित गोपाल प्रसाद जी के यहां पहुंचे । जहां कुछ दिन पूर्व गोपाल के पुत्र की मृत्यु हो गई थी ।इसके उपरांत पाटन प्रखंड के ग्राम नावाडी उताकी पहुंचे जहां पूर्व पंचायत समिति सदस्य कामता सिंह के भाई के निधन पर शोक जताया। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिले और दुख व्यक्त किये। मौके पर उताकी पंचायत के पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह और अंजय सिंह उपस्थित थे। उनके साथ उमेश सिंह, राजू मालाकार, शैलेश मेहता, मनीष सिंह, लालबिहारी मेहता, सुरेश मेहता, इंदल मेहता, विजय मेहता, गजाधर मेहता, कवल पासवान, भोला पासवान, मनोज यादव, संतोष मेहता थे।

# कारो परियोजना में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके एरिया के कारो खुली खदान परियोजना में 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में कथारा परियोजना की टीम ने कारो खुली खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। खान निरीक्षण दल में टीम कन्वेयर डी के सिंहा, मृत्युंजय कुमार, ए के दिवाकर, रत्नेश कुमार, डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल रूपेश मेहता, आइएसओ रोहित कुमार चौधरी शामिल हुए।

समारोह की शुरूआत कोल इंडिया का झंडा फहराकर, कॉर्पोरेट गीत गाकर, दीप जलाकर और सुरक्षा की शपथ लेकर किया गया। खान प्रबंधक चिंतामण मांझी ने कारो परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खान सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी दी। इसके बाद माइंस रेस्क्यू स्टेशन कारो के कर्मियों ने सुरक्षा आधारित नाटक प्रस्तुत किया। वहीं परियोजना के दर्जनों संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बेहतर कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया।

### सुरक्षा नियमों का हर हाल में पालन करें : डीडीएमएस

वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह में डीडीएमएस रूपेश मेहता ने कहा कि पिछले कई वर्षों से कारो परियोजना में किसी तरह की दुर्घटना नहीं होना, यह दशार्ता है कि यहां पर सुरक्षा नियमों का पूर्णतया पालन किया जाता है। सुरक्षा नियमों के एसओपी को हर हाल में पालन किया जाना जरूरी है। संचालन सेल ऑफिसर शंकर झा ने किया।

समारोह में परियोजना पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंहा, एरिया सुरक्षा अधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद,पीई ईएंडएम नानक दिवाकर सिंह, सेफ्टी आफिसर संजय कुमार सहित इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, यूनियन के सदस्यो मे निरंजन सिंह, अरूणजय सिंह, आलोक कुमार अकेला, अजीत रंजन, मनोज चौघरी,ओम प्रकाश चौहान समेत सैकड़ो की संख्या में कामगार उपस्थित थे।

# ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ती महिला हिंसा पर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ते महिला हिंसा पर सहयोगिनी संस्था द्वारा बहादुरपुर कार्यालय में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन बाराडीह की मुखिया पुष्पा देवी बाल कल्याण समिति सदस्य वरीय अधिवक्ता प्रीति प्रसाद सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया पुष्पा देवी ने कहा कि तकनीक का दुरुपयोग कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में बढ़ती जा रही महिलाओं पर हिंसा को जन जागरूकता के माध्यम से रोका जा सकता है। प्रीति प्रसाद ने कहा कि मानव तस्करी फेक विवाह जालसाजी के माध्यम से महिला हिंसा बढ़ गया है। कल्याणी सागर ने कहा कि साइबर हिंसा से महिलाओं को मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचता है। कुमारी किरण ने कहा कि जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर गौतम सागर अनिल कुमार हेंब्रम मंजू देवी सनी कुमार रवि राय प्रतिमा सिंह विनीता देवी सूरजमानी देवी अमित कुमार सोरेन नीतू कुमारी निक्की कुमारी आदि उपस्थित थे।

# विस्थापितों को लेकर सांसद मिले इस्पात मंत्री से

## 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** सांसद ढुलू महतो विस्थापितों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली में केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी और सेल चेयरमैन अमरेंद्रु प्रकाश से मिले और 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस्पात मंत्री ने मामलों को गंभीरता से सुनी और बोकारो आने की बात कही। मांग पत्र में चतुर्थ श्रेणी के पद पर आरक्षण को बहाल करना अप्रेंटिस पास की नियुक्ति अप्रेंटिस के लिए 4328 चयनित विस्थापितों के शेष विस्थापितों की अप्रेंटिस कराना और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शिक्षित बेरोजगारों को आउटसोर्सिंग में बीएसएल के वेतन से समायोजित करना बहाली की उम्र 45 वर्ष करना 40 हजार से नीचे के वेतनमान के कामों में 75% स्थानीय का नियोजन 19 गांव को पंचायत गठन में झारखंड सरकार को एनओसी परती जमीन की वापसी विस्थापित संगठनों के साथ हुए समझौते को लागू करना पुनर्वास क्षेत्र में रियायत दर पर बीएसएल का पानी बिजली आदि प्रमुख हैं। इस्पात मंत्री ने विस्थापितों के मामलों पर निर्णायक पहल की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में साधु शरण गोप, सहदेव साव, बैजनाथ बेसरा, रघुनाथ महतो, हसनुल अंसारी, भगवान साहू, इरफान अंसारी, कन्हैया पांडे गोसूल आजम, फूलचंद महतो और अनूप कुमार थे।


**Jharkhand Education Project Council**
**JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004**

**Tender No:QU/40/67/2024/4617**
**E-Tender Notice**

Jharkhand Education Project Council, Ranchi invites e-Bids prospective bidders for **Selection of an agency for establishment of Science Lab for Class 9th & 12th (Physics Lab, Chemistry lab and Biology Lab) under Quality Initiative in the selected 179 KGBV 45 JBAV and 224 PM SHRI Government Schools with Manpower, Training & AMC.** Bidders can download bid documents from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidder can submit their bid through the portal http://jharkhandtenders.gov.in. The lists of dates with regard to this invitation for Bids are available in bid document. A pre-bid meeting will be held on 19.12.2024 at 4.00 pm.

Sd/-
(Shashi Ranjan, I.A.S.)
State Project Director

PR.NO.341791 Jharkhand Education Project Council(24-25):D



**Office of the Executive Engineer**
**Water Ways Division, Ranchi.**
**(Room No.-503, Jal Bhawan, Doranda-834002.)**

**(NOTICE INVITING QUOTATION)**
**Quotation Invitation Notice No.:- 09/2024-25 Date- 10.12.2024**

Sealed quotations hereby invited from Agency/Firm for following item of work as mentioned below for Getalsud Reservoir Scheme on **30-12-2024** up to 3:00 PM and same will be opened at the same day at 3:30PM before the Agency/Firm or their authorized representatives.

| Sl. No. | Items/Descriptions | Quantity | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply, Fitting and Fixing of Appropriate dia. and length of Steel Wire Rope for Service and Emergency Gate, Total 2 Nos. of Power Intake gate all complete job of Getalsud Reservoir Scheme. | 02 | Nos. | | |
| 2 | Supply, Fitting & Fixing of Gate Guide Shoe of Emergency Gate No.2 & 3 of Power Intake Gate. All complete job including Cutting, Welding etc. | 03 | Nos. | | |
| 3 | Marking of Water level near intake gate. | 01 | Job | | |
| 4 | Repairing of Intake Gate Gear (vibration & Noise). | 01 | Each | | |

**Note:-** Details are available in our website: http://www.wrdjharkhand.nic.in and at Office Notice Board.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 341767 (Water Resource) 24-25 (D)



**कार्यालय:- जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
**समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खुँटी टोली, सिमडेगा**
Email ID-simdegamdm@gmail.com Fax&Phone:06525-22644

**आवश्यक सूचना**

सिमडेगा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली – 1993, निदेशालीय पत्रांक 1139 दिनांक 18.09.2024 एवं सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 1925 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची एवं वरीयता सूची संख्या – 2 (ग्रेड –4 में प्रोन्नति हेतु) जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है।

शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि वो अपने नाम के सामने अंकित प्रविष्टियों की जांच आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करेंगें।

उक्त सूची के विरूद्ध दावा/आपत्ति की स्थिति में शिक्षक अंतिम रूप से दिनांक 20.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में विहित प्रपत्र में साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची मे क्र० सं० | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा

PR 341715 Simdega (24-25)_D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास-शाखा)**

**विज्ञापन**

दिनांक 30.08.2022 को DMFT की शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में लोहरदगा जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला DMFT मद से निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति की जानी है :–

| | Coaches / Instructors / Trainers | Consolidated pay of Rs. 25,000/- (Twenty-five thousand) per month purely on contractual basis for a 10 month term. The term of contract appointments may be subsequently extended for a spell of 10 months each year depending upon performance. |
|---|---|---|
| 1 | Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer | 01 No. |

चयनित Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer को सर्वप्रथम 10 माह के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा 10 माह के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले 10 माह हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 के नाम से दिनांक 23.12.2024 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से अपराहन् 5.00 बजे तक भेजा जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः– आवेदन–पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति से संबंधित योग्यता सहित विस्तृत जानकारी https://www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 341762 Lohardaga (24-25)_D



**Jharkhand State Beverage Corporation Limited, Ranchi**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
**Corporate ID No. U51228JH2010SGC014519,**
**TIN No - 20520108277, GST No- 20AACCJ5622N1ZO**
**Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra, Kanke Road, Ranchi**
**E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com**

E-T. No-JSBC/Esst.-05/2012- 02 Ranchi, Dated :- 09/12/2024

**-Tender Notice-**

*E-Tender for Empanelment of Security Guard & MTS*

| S.N. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Date of Uploading of tender document on website. | 09-12-2024 | 11:00 A.M. |
| 02 | Date of Pre Bid | 18-12-2024 | 04:00 P.M. |
| 03 | Starting Date for Submission of E-Tender | 26-12-2024 | 11:00 A.M. |
| 04 | Last Date/closing date for submission of E-Tender | 06-01-2025 | 04:00 P.M. |
| 05 | Last date for Submission of Document (Hard Copy) in the JSBCL Office | 06-01-2025 | 05:00 P.M. |
| 06 | Online opening of Technical Bid. | 07-01-2025 | 04:00 P.M. |

Tender can be downloaded from https://jsbcl.in/Tender and E- Tender of Jharkhand Website- https://jharkhandtenders.gov.in Tender downloaded should be submitted with tender coast of Rs. 1,000/- (In words :- One Thousand only) in the form of DD issued in the name of Jharkhand State Beverages Corporation Limited, Payable at Ranchi.

**Name & Address of Tenderer:**
Sd/-
General Manager (Operation)
Jharkhand State Beverages Corporation Limited
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra
Kanke Road, Ranchi-834008.

PR 341746 Excise(24-25).D


## स्पीड न्यूज

### ढोरी महाप्रबंधक कार्मिक अधिकारी प्रतुल कुमार का सम्मान समारोह



बेरमो। ढोरी एरिया के अमला अधिकारी कार्मिक प्रतुल कुमार को महाप्रबंधक कार्मिक पदाधिकारी में पदोन्नति के उपरांत रांची मुख्यालय में स्थानांतरण करते हुए महाप्रबंधक एनई विभाग का पदभार मिला है। इस उपलक्ष्य यूनियन प्रतिनिधियो और कर्मियो ने जीएम प्रतूल कुमार को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जीएम प्रतुल कुमार ने सिनियर मैनेजर कार्मिक माला कुमारी को चार्जभार दिया। उपस्थित लोगो ने कहा कि प्रतुल कुमार सदैव उधोग हित एवं मजदूर हित में अपना ढोरी क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई। यह ढोरी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि प्रतुल कुमार महाप्रबंधक कार्मिक एनई विभाग रांची मुख्यालय में संभालने जा रहे हैं। मौके पर कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, सहायक कार्मिक प्रबंधक तौकीर आलम, शालनी यादव, मजदूर नेता रवीन्द्र मिश्रा, विनय सिंह, जयनाथ मेहता, कुलदीप, जवाहरलाल यादव, अरुण कुमार, सुबीर मुखर्जी, जीवन लाल रजक, सोमनाथ मिश्रा, प्रेमलता, सुजाता देवी, विभा सिंह शामिल हुए।

### सिटी सेंटर में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर



बोकारो। बोकारो स्टील सिटी के स्थानीय सेक्टर 4 सिटी सेंटर में पाली प्लाजा के समीप स्थित फुटपाथ पर लगी चाय की नौ दुकानों को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बीएसएल के सुरक्षा जवानों ने बुलडोजर लेकर सभी दुकानों को तोड़ दिया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सिटी सेंटर के जिस तरफ अतिक्रमण हटाने की सूचना प्रसारित हुई थी वहां कुछ नहीं हुआ पर हम गरीबों पर कहर बरपा। दुकानों में चूल्हा जल रहा था जिससे दुकानों में रखे सामान जलकर नष्ट हो गए। दूसरी तरफ बीएसएल सूत्रों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की सूचना पूर्व में कई बार प्रसार/प्रचार के विभिन्न माध्यमों से दी गई है। सिटी सेंटर सहित शहर को अतिक्रमण मुक्त करने को बीएसएल प्रतिबद्ध है।

### बोकारो : सुभाष और मनोज को वकीलों ने दी श्रद्धांजलि

बोकारो। बोकारो के आसनबनी निवासी 49 वर्षीय अधिवक्ता सुभाष चन्द्र महतो के ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया। बोकारो सिविल कोर्ट में शोक सभा आयोजित की गई। बोकारो सिविल कोर्ट के तबिंदा खान के न्यायालय कर्मी पेशकार मनोज साव का कोर्ट इजलास में कोर्ट के कार्य का निपटारा करते समय ही निधन हो गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा बोकारो सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता सुभाष चंद्र महतो एवं पेशकार मनोज कुमार साव के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि स्व सुभाष चन्द्र महतो के सम्मान में आज सभी अधिवक्ता अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखा। गिरि ने कहा कि स्व महतो अपने पीछे माता पिता विधवा पत्नी व तीन बच्चे छोड़ गए है। शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, अतुल कुमार, अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# बेरमो थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में वृद्धि, पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में चोरी और लूटपाट की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे स्थानीय लोग भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई और अपराधियों को पकड़ने में हो रही देरी से लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। 31 अक्टूबर की रातः बेरमो थाना क्षेत्र के करगली स्थित तिरहुत नगर तीन नंबर में रतन कुमार झा के घर में अज्ञात चोरों ने 80 हजार रुपये नगद और लगभग 20 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले को सुलझाने में नाकाम रही है।

7 दिसंबर की रातः फुसरो नया रोड स्थित सोना-चांदी ज्वेलरी दुकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी हो गए। दुकान मालिक वीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस संबंध में फुसरो थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। इसी रात एक मोटरसाइकिल की चोरी भी हुई।

27 नवंबर की रातः राम रतन स्कूल के पास सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी को अज्ञात अपराधियों ने चाकू दिखाकर लूटने का प्रयास किया। हालांकि, स्थानीय लोगों और पुलिस की मुस्तैदी से वाहन को बरामद कर लिया गया, लेकिन अपराधी फरार हो गए।

### अपराधियों का हौसला बढ़ने से स्थानीय लोगों में नाराजगी

रतन कुमार झा के पुत्र राहुल कुमार ने इस मुद्दे को राज्य के मुख्यमंत्री, डीजीपी, एसपी और स्थानीय विधायक के सामने उठाया है। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोग डरे हुए हैं। पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों का हौसला बढ़ रहा है। स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े कर रही हैं।

# विद्युत विभाग के महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** बुधवार को विद्युत सर्किल कार्यालय मे दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी। जिसमे दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की ओर चल रहे योजना आरडीएसएस, मुजे, पीएम जुगा योजना, स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की।

जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया।साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पॉल एवं तार चर्च स्थिति में अगर है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व, बिलिंग आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा। वहीं विद्युत अधीक्षण अभियंता नत्थन रजक ने पाकुड़, साहिबगंज जिले में चल रहे सभी कार्यों का एक-एक करके समीक्षा किया। उन्होंने जिले के विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्रों में जाकर सभी कामों को पूरा करके जल्द से जल्द मुझे सूचित करें। बैठक में मौजूद सब डिविजन कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, कार्यपालक अभियंता एमआरटी नीतीश कुमार, सत्यनारायण पात्र, सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, पाकुड़ कार्यपालक अभियंता शैलेन्द्र बेसरा, कनीय अभियंता नीलगगन, दीपक कुमार सिंह, आशीष कुमार पटेल, विदेश मांझी, बीजू विष्णु पूर्ति, सुरेन्द्र प्रसाद मुर्मू, जेई ज्ञान चंद्र, चंद्रन, लेखा पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक, विद्युत डिविजन लेखा सहायक सौरभ जैन व अन्य लोग मौजूद थे।

# साहिबगंज : 5 जनवरी से टाउन हॉल पोखरिया में लगेगा शिल्प उत्सव मेला



**साहिबगंज।** शहर के पोखरिया टाउन हाल मैदान में शिल्प उत्सव मेला 5 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा। जिसकी जानकारी महिला विकास सेवा केंद्र के बाजार संयोजक सुधीर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा समाज के गरीब महिलाओं, दलितों, पिछडे बर्ग के हस्तशिल्पियों तथा उद्यमियों को अपने उत्पाद को प्रदर्शित एवं बिक्री करने का मौका देती है। उन्होंने बताया कि मेला में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शनी एवं लगभग 30 से 40 दुकान लगेंगे। जिसमें उन्हें नया बाजार मिलेगा एवं अपना जीवनयापन सही प्रकार से कर पायेंगे साथ ही इस पहल से बेरोजगारी की समस्या का निदान हो पायेगा। इस बाजार में लगभग सभी शिल्पकार भारत वस्त्र मंत्रालय द्वारा रजिस्टर्ड है।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस फुसरो ब्रांच ऑफिस का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक अमित कुमार साहा ने बीमा को हर व्यक्ति के लिए आवश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में जीवन की अनिश्चितताओं और परिवार की जिम्मेदारियों को देखते हुए बीमा हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम है। ये बातें उन्होंने फुसरो स्थित एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के नए शाखा कार्यालय के उद्घाटन के दौरान कहीं। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक पांडेय, उप क्षेत्रीय प्रबंधक तपन मिश्रा, स्थानीय शाखा प्रबंधक गौतम कुमार, यूनिट मैनेजर राजेश कुमार सिंह और अन्य प्रमुख अधिकारी जैसे निर्मल मंडल, सुशील सिंह, दयानंद मिश्रा, शंभू महतो, उपेंद्र गुप्ता, विक्की कुमार, पिंटू कुमार, चंद्र मौली, नंदकिशोर गिरी, पूर्णिमा कुमारी सेल्स एडमिन विनीत और सरोज कुमार तथा लाइफ मित्रा उपस्थित थे। नए शाखा कार्यालय के उद्घाटन के साथ, क्षेत्र के लोगों को बीमा सेवाओं का लाभ उठाने में सहूलियत होगी। कंपनी का उद्देश्य लोगों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और उनके जीवन को सुरक्षित बनाना है।

# बीएसएल में वित्त और वाणिज्यिक क्विज-2024 कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल-बीएसएल अधिकारियों को लागत वित्तीय विवरण कॉर्पोरेट वित्त बजट तथा वाणिज्यिक संबंधित समसामयिक विषय से अवगत कराने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित वित्त एवं वाणिज्यिक क्विज-2024 कार्यक्रम में सीजीएम एफ एन्ड ए सुजय कुमार ने ऐसे कार्यक्रमों को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के क्विज कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। क्विज में बीएसएल के विभिन्न विभागों से शामिल कुल 18 टीमों में एसआरयू के वरीय प्रबंधक अमरेंद्र कुमार तथा अभिमन्यु कुमार की टीम को प्रथम तथा एसआरयू के ही एजीएम काशीनाथ गोराई एवं वरीय प्रबंधक विपिन कुमार की टीम को द्वितीय एवं बीएसएल के सिंटर प्लांट के वरीय प्रबंधक गोपी शंकर तथा एसएमएस टू व सीसीएस के वरीय प्रबंधक रवि शंकर की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ज्ञानार्जन एवं जीएम नीता बा एवं एजीएम अमित आनंद के मार्गदर्शन में क्विज मास्टर के रूप में वित्त एवं लेखा प्रभाग के डीजीएम अनुराग सिंघल तथा निशांत कुमार ने अहम योगदान किया।

## बीमा सखी योजना

राजकपूर की बेटी रितु नंदा भारत की पहली सफल महिला बीमा एजेंट मानी जाती है, जिन्हें खुद एलआईसी ने सम्मानित किया है। रितु नंदा के नाम एक दिन में 17 हजार बीमा कराने का ग्रीनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड है। भारत में बीमा एजेंट व्यवसाय में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। यदि आंकड़ों की बात करें, तो बीमा एजेंट के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी अभी भी बहुत कम है। 50 लाख करोड़ रुपये के जीवन बीमा उद्योग में कुल 24.50 लाख व्यक्तिगत एजेंट हैं, जिनमें मार्च 2022 तक 7 लाख महिला एजेंट हैं। जीवन बीमा उद्योग के कुल 24.43 लाख व्यक्तिगत एजेंटों में से 71% पुरुष और 29 प्रतिशत महिलाएँ हैं। एलाआईसी में कुल महिला एजेंसी कार्यबल में 3.36 लाख या 48% महिलाएँ हैं, उनके निजी समकक्षों ने जीवन बीमा उद्योग में महिलाओं की कुल संख्या में 52% का योगदान दिया। जीवन बीमा कंपनियों में, मैक्स लाइफ में कुल एजेंसी कार्यबल में महिला एजेंटों का अनुपात सबसे अधिक 43 प्रतिशत है, उसके बाद एजेस फेडरल लाइफ और एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस (प्रत्येक 42 प्रतिशत) का स्थान है। दूसरी ओर, मार्च 2022 में कुल बीमा एजेंटों में से 25% महिलाएं थीं। शहरी भारतीय महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा 2019 में 57% से बढ़कर 2024 में 62% हो गई है। शहरी भारत की कामकाजी महिलाएँ वित्तीय सुरक्षा में सबसे आगे हैं, पाँच वर्षों में पहली बार जीवन बीमा स्वामित्व में पुरुषों से आगे निकल गई हैं। पाँचवें संस्करण के अनुसार, लगभग 77% कामकाजी भारतीय महिलाओं के पास जीवन बीमा है, जबकि पुरुषों के पास यह संख्या 74% है। सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि पिछले पाँच वर्षों में शहरी भारतीय महिलाओं का वित्तीय सुरक्षा स्तर 33 से बढ़कर 40 हो गया है।

### कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-1-3-5

## अंतर्कलह में उलझी भाजपा



देश के आधा दर्जन से अधिक राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष में है। झारखंड में वह दस साल के लिये सत्ता से बाहर हो चुकी है और सरकार के कामकाज को लेकर लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की आलोचना करती रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने के लिए आंतरिक विरोधाभासों से जूझने के बावजूद विपक्षी भाजपा वहां भी उग्र नजर आती है। पंजाब में अभी उसे मजबूत विपक्ष के रूप उभरना है। दिल्ली में भी वह बेहतर प्रदर्शन के लिए हाथ-पांव मार रही है।

लेकिन, देश के जितने भी राज्यों में यह विपक्ष में है, उनमें उसकी सबसे खराब स्थिति कर्नाटक में है। पिछले महीने हुए उप चुनावों में वह यहां सभी सीटें हार गई। उसके बाद से पार्टी नेता एक-दूसरे पर सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इस दक्षिणी राज्य की तीन विधान सभा सीट- शिगगांव, संदुर और चन्नपटना यहां के विधायकों के लोक सभा चुनाव जीतने के कारण खाली हुई थीं। शिगगांव सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई विधायक थे और बाद में हावेरी सीट से लोक सभा चुनाव जीत कर वह दिल्ली का रुख कर गए।

चन्नपटना का प्रतिनिधित्व एचडी कुमारस्वामी करते थे। पहले के चुनाव में जब जद(एस) का गठबंधन कांग्रेस के साथ था तो कुमारस्वामी ने इस सीट से भाजपा उम्मीदवार को हराया था। लेकिन, लोक सभा चुनाव में जद(एस) ने भाजपा के साथ मिलकर लड़ा और जीत कर कुमारस्वामी केंद्र सरकार में मंत्री बन गए। संदुर विधान सभा सीट दोबारा कांग्रेस के कब्जे में आ गई है। पिछले चुनाव में भी कांग्रेस के ई. तुकाराम ने यहां से भाजपा उम्मीदवार को हराया था।

क्षेत्रीय स्तर पर थोड़े भिन्न इन इलाकों में हार में कुछ चीजें एक जैसी दिखती हैं। भाजपा का एक गुट इस हार के लिए खुलकर अपने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को जिम्मेदार बता रहा है। विजयेंद्र के पिता बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और भाजपा के दिग्गज नेताओं में उनका शुमार होता है। यह पहली बार नहीं है जब राज्य में पार्टी की अंदरूनी कलह उजागर हुई है। मौजूदा उठापटक विजयेंद्र और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के गुट के बीच चल रही है।

यतनाल गुट इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए है, जो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह संदेश पहुंचाने की कोशिश कर रहा है कि राज्य पार्टी प्रमुख के तौर पर विजयेंद्र नाकाम रहे हैं। इस गुट का तर्क है कि विजयेंद्र के पास एकमात्र सकारात्मक चीज यही है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा के बेटे हैं। यतनाल और उनके समर्थकों के ये तर्क पूरी तरह सच नहीं माने जा सकते क्योंकि, विजयेंद्र के नेतृत्व में भाजपा कर्नाटक के ऐसे इलाकों तक अपना प्रसार करने में कामयाब रही है, जहां वह पहले कभी नहीं पहुंच पाई थी।

विधान सभा चुनाव में कांग्रेस से करारी मात खाने के सात महीने बाद भाजपा ने बहुत ही विचार-विमर्श के बाद विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। पार्टी को एक ऐसे नेता की जरूरत थी, जो मजबूत व्यक्तिगत आधार का मालिक होने के साथ-साथ पूरे राज्य में स्वीकार्य हो। लोक सभा चुनाव में पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन ने यह दिखा दिया कि शीर्ष नेतृत्व का निर्णय गलत नहीं था। आम चुनाव में पूरे देश में भाजपा की सीटें घटीं, लेकिन पार्टी ने कर्नाटक की 28 में से 19 सीटों पर जीत कर अपनी धमक का एहसास करा दिया।



- आदिति

> क्षेत्रीय स्तर पर थोड़े भिन्न इन इलाकों में हार में कुछ चीजें एक जैसी दिखती हैं। भाजपा का एक गुट इस हार के लिए खुलकर अपने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को जिम्मेदार बता रहा है। विजयेंद्र के पिता बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और भाजपा के दिग्गज नेताओं में उनका शुमार होता है। यह पहली बार नहीं है जब राज्य में पार्टी की अंदरूनी कलह उजागर हुई है।

लेकिन, बसनगौड़ा और उनके समर्थक चाहते हैं कि विजयेंद्र से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें घर भेज दिया जाए। यह गुट विजयेंद्र का इतना विरोधी हो गया है कि इसने वक्फ भूमि अतिक्रमण के मुद्दे पर पार्टी को नजरअंदाज कर बीदर से अपना अलग अभियान शुरू किया, जिसके बैनर और पोस्टरों पर केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें छायी हुई थीं और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र की फोटों कहीं नहीं थीं। यहां तक कि भाजपा की बीदर इकाई ने यतनाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि इस फैसले को बीएल संतोष का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि कभी संतोष के पीछे-पीछे चलने वाले एमएलसी सीटी रवि इस पदयात्रा में शामिल हुए थे।

अब कर्नाटक में विधान सभा चुनाव मई 2028 में होने हैं, लेकिन यतनाल की महत्त्वाकांक्षाएं अभी से ठाठें मार रही हैं। पिछले सप्ताह बेलागावी में स्थानीय मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपनी भावनाओं का इजहार करते हुए कहा था, मैं निःस्वार्थ राजनेता या कोई संत आदमी नहीं हूं। मैं आने वाले दिनों में कर्नाटक का नंबर एक राजनेता बनूंगा। जब मैं मुख्यमंत्री बन जाऊंगा तो मीडिया मेरे पीछे-पीछे भागेगा। कर्नाटक उन राज्यों में से है जहां 1992 में हुबली में ईदगाह मैदान विवाद के बाद हिंदू भावनाओं को समेट कर धुव्रीकरण हुआ और राम मंदिर रथ यात्रा को जबरदस्त समर्थन यहां मिला।

कर्नाटक भाजपा में अनुशासनहीनता का इतिहास नहीं रहा है और इसीलिए भाजपा कार्यकर्ता भ्रम की स्थिति में पड़ गए हैं। उनका मानना है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन साथ ही वे यह भी समझ रहे हैं कि यतनाल द्वारा उठाए जा रहे मुद्दे विचारधारा के स्तर पर कहीं अधिक ठोस हैं। लेकिन, कर्नाटक में भाजपा के अंदर बड़ी विचित्र और जटिल स्थिति बन गई है। राज्य के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धरमैया के येदियुरप्पा के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। चार साल पहले जब बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री थे तो उनके जन्मदिन पर आयोजित समारोह में सिद्धरमैया न केवल शामिल हुए थे, बल्कि कई मामलों को लेकर उनकी खूब तारीफ भी की थी।

यही वजह है कि यतनाल गुट के कई नेताओं का मानना है कि कांग्रेस के अंदर से ही हमले झेल रहे सिद्धरमैया और भाजपा के विजयेंद्र गुट के बीच एक-दूसरे को बचाने के लिए कोई न कोई मिलीभगत है। हालांकि यह आरोप केवल संदेह तक ही सीमित हैं, क्योंकि इनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं मिलता। विजयेंद्र यह अच्छी तरह जानते हैं कि उनके समक्ष अपनी काबिलियत साबित करते हुए राज्य में भाजपा को दोबारा खड़ा करने की चुनौती है। लेकिन, अंदरूनी गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए उनके समर्थक कहते हैं कि भाजपा का पुनर्जीवित करने का काम विजयेंद्र अपना एक हाथ पीठ पीछे बंधा होने के कारण कैसे कर पाएंगे।

### लेटर टू एडिटर

#### इस जीत के मायने

**संयुक्त** राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प का चुनाव एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े समर्थक और प्रमुख सहयोगी जॉर्ज सोरोस के लिए करारा झटका साबित हुआ है। सोरोस, जो भारत सहित दुनिया भर के प्रभुत्व सम्पन्न देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करते रहे हैं, अब उनके प्रयासों को एक धक्का लगा है। नागरिकों और मतदाताओं ने भी इन षड्यंत्रों को समझा।

**- के. ठाकुर, हजारीबाग**

#### कारगर नीति

**सुप्रीम** कोर्ट ने अनियंत्रित प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए पराली जलाने पर जुमार्ना राशि 15,000 से बढ़ाकर 30,000 कर दी है। राज्य सरकारों की सख्ती के बावजूद समस्या बनी हुई है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारों को कारगर नीति बनानी चाहिए, ताकि पराली जलाने की आवश्यकता न पड़े।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

### X ट्वीट

**झारखण्ड** मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा में झारखण्ड भर से आये पार्टी पदाधिकारियों के साथ शामिल हुई। 2024 विधानसभा चुनाव का परिणाम झामुमो के हर कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत और पार्टी पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

हेमन्त जी के नेतृत्व में हम सभी का संकल्प है, पार्टी को और मजबूत करना और जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए झारखण्ड के विकास में अपना हर संभव योगदान देना।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद !दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद! जय झारखण्ड!

**-कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय विस**

## यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन कैसे हो ?



**भरतचन्द्र महतो**

### समस्या

**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार - हत्या मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे महिला सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में अपने एक आदेश में सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से कहा है कि वे अपने यहां यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन करें। इससे पता चलता है कि हमारे यहां कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में कितनी कम रुचि ली जाती है। यह बात इसलिए भी परेशान करने वाली है कि ये आदेश संसद द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम यानी पॉश अधिनियम के 2013 में पारित होने के 10 साल से अधिक समय के बाद आया है।

यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गत वर्ष मई में दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें गोवा विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरुद्ध अपील के मामले में उसने कहा था कि अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुई है। उस समय सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत निर्देश जारी किए थे और केंद्र, राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों से कहा कि वे इस बात की पुष्टि करें कि क्या उनके अधीन आने वाले सभी विभागों ने जिलों में स्थानीय शिकायत समिति या आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है, क्या उनके बारे में सूचनाओं का समुचित प्रसार किया गया है, और क्या नियमित रूप से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? अपने इस आदेश में न्यायालय ने इन समितियों के गठन के लिए जनवरी 2025 की समय सीमा तय की है।महिलाओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए शीबॉक्स पोर्टल्स बनाने की बात कहने के साथ ही न्यायालय ने कहा कि यह सब मार्च 2025 के पहले हो जाना चाहिए। सबसे बड़ी अदालत से बार-बार ऐसी घोषणा का आना यह रेखांकित करता है कि देश में महिलाओं के संरक्षण के लिए कितनी धीमी गति से काम किया जा रहा है।

इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। गत वर्ष महिला पहलवानों ने अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख पर यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्रदर्शन किया था और उसके पश्चात हुई जांच में पाया गया कि देश की अधिकांश अधिमान्य खेल संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समितियां नहीं हैं। इस वर्ष के आरंभ में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था।

ये घटनाएं दो स्तर पर दुखद हैं क्योंकि सरकारी संस्थानों को पॉश अधिनियम के क्रियान्वयन की पहल करनी चाहिए थी। ऐसा करने से निजी क्षेत्र को प्रेरणा मिलती क्योंकि वह इस मोर्चे पर काफी पीछे है। यह स्थिति तब है जबकि सभी निजी संस्थानों के लिए यह अधिनियम लागू करना अनिवार्य है। वर्ष 2018 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया था कि वे अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यौन शोषण के मामलों के आंकड़े पेश करें।इस वर्ष मई में अशोका विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इकनॉमिक डेटा ऐंड एनालिसिस ने दिखाया कि कंपनियों द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट में पेश किए जाने वाले यौन शोषण के मामलों के आंकड़ों में यकीनन इजाफा हुआ है। परंतु सूचीबद्ध कंपनियों में ऐसे मामलों की जानकारी देने वाली कंपनियों की तादाद बहुत सीमित है।

इससे भी अहम बात यह है कि कई कंपनियों ने साल दर साल बताया है कि उनके यहां ऐसा कोई प्रकरण सामने नहीं आया। व्यापक तस्वीर यही उभर रही है कि अधिकांश भारतीय कंपनियां चाहे वे निजी हों या सरकारी, सूचीबद्ध हों या गैर सूचीबद्ध, वे पॉश अधिनियम का पालन नहीं करती हैं।

ऐसी कंपनियां भी बड़ी संख्या में हैं जो अनुपालन का दावा करती हैं लेकिन उनके यहां या तो पर्याप्त महिला कर्मी नहीं होती हैं या फिर वहां महिलाओं को शिकायत करने के लिए उचित प्रोत्साहन नहीं मिलता है। यकीनन शिकायतकर्ता का प्रबंधकीय और संगठनात्मक बहिष्कार उन्हें शिकायत करने से हतोत्साहित करता है। इसे सार्वजनिक क्षेत्र मसलन जिला स्तरीय सरकारी संस्थानों पर लागू करें तो भारतीय समाज का पुरुषवादी ढांचा शिकायतकर्ता महिला के लिए ही मुश्किलें पैदा करता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश हालात को व्यवस्थित करने की दिशा में सही कदम हो सकते हैं।

**(वरिष्ठ अधिवक्ता रांची सिविल कोर्ट)**

## अब हम दो हमारे 16 की बात करते राजनेता

**एनके मुरलीधर**

### सामयिक

**देश** के प्रजनन दर पर बहस हाई प्रोफाइल होकर चल रही है। भारत दुनिया में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाने वाला पहला देश है। वह दौर था जब समाचार के माध्यमों में हम दो हमारे दो की बात कही जाती थी। दक्षिण भारत और उत्तर भार त में यह भेद अधिक हो गया है। इस विषय पर बहस जारी है। 2037 में भारत दुनिया का सबसे युवा देश नहीं रह जायेगा। लेकिन क्या देश में आरएसएस प्रमुख के अपील और दक्षिण के दो मुख्यमंत्रियों के अपील के कई मायने हैं। संघ प्रमुख सांप्रदायिक कोण से भारत के हिंदूयों के अल्पसंख्यक होने का डर सता रहा है तो मुख्यमंत्रियों को अपने राजनीतिक शक्ति जो सीटों के रुप में परिसीमन के आधार पर होना है, उसमें कम होने का भय सता रहा है।

लेकिन महिला साक्षरता और संयुक्त परिवार के समाप्त होन के कारण बच्चों की संख्या में वृद्धि लगातार कम हो रही है। सवाल अहम है कि यह सामाजिक समस्या के पीछे नगरीकरण का भी योगदान है जहां गांव से लगातार पलायन हो रहाहै। किसी अपील या कानून से इसे बढ़ाया नहीं जा सकता है। आज के घोर आर्थिक युग में शिक्षा और संपति अर्जित करना इतना प्रतियोगी हो गया है कि मध्यम और उच्च वर्ग के साथ निम्न वर्ग भी परिवार को सीमित रखना चाहता है। विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ता खर्च भी एकबड़ी भूमिका निभा रहा है।

कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है।

भारत इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकता है कि देश की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है और वह 1965 के प्रति महिला पांच बच्चों से कम होकर 2022 में 2.01 पर आ गई है। आपातकाल के दौर के 18 महीनों को छोड़ दिया जाए तो यह कमी नागरिक अधिकारों का किसी तरह दुरुपयोग किए बिना हासिल की गई है।

ध्यान रहे चीन में यह दर कम करने के लिए 36 वर्षों तक एक बच्चा पैदा करने की नीति लागू की गई थी। कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है। रीप्लेसमेंट दर वह होती है जितने बच्चे हर महिला के हों तो देश में बुजुर्गों और युवाओं की संख्या स्थिर बनी रहती है।

लैंसेट के एक अध्ययन पर यकीन किया जाए तो 2050 तक देश की कुल प्रजनन दर 1.29 हो जाएगी। यानी भारत अमीर होने के पहले ही उम्रदराज हो सकता है। देश की जनांकिकी के इस भविष्य से निपटने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं।

उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति को मजबूत बनाया जा सकता है, श्रम शक्ति को सही ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकता है और बीमा योजनाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में इसका उपाय तीन संतानों के रूप में दिया है। इसे अपनाने के विषय में विचार नहीं किया जाना चाहिए। तब उनका संकेत हिंदुओं और मुस्लिमों की कुल प्रजनन दर के बीच असमानता की ओर था। अब, जबकि आबादी की वृद्धि दर में कमी आ रही है और भारत में जनांकिकीय ठहराव आने की संभावना बन गई है तब उन्हें देश के समक्ष एक खतरा नजर आ रहा है।

जनसंख्या बढ़ाने को प्रोत्साहन देना वृद्धि को गति प्रदान करने की दृष्टि से सरल प्रतीत हो सकता है। कुछ स्कैंडिनेवियन (डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड आदि) और यूरोपीय देश दशकों से आबादी में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। वे परिवारों को चाइल्ड केयर प्रोत्साहन भी प्रदान करते हैं। परंतु इन देशों ने सामाजिक-आर्थिक प्रगति का एक स्तर और प्रशासनिक क्षमता हासिल कर ली है और वह भी बिना सामाजिक रूप से प्रतिगामी हुए (उदाहरण के लिए समान पितृत्व अवकाश)।

भारत जैसे असमान देश में जहां कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति असमान और गैर किफायती है, तीन बच्चे पैदा करने का नियम नुकसानदेह हो सकता है। आबादी में बेतहाशा वृद्धि उन सामाजिक लाभों को नुकसान पहुंचाएगी जो देश ने आजादी के बाद हासिल किए हैं।

उदाहरण के लिए ऐसी नीति महिला अधिकारों के खिलाफ है क्योंकि बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने का पूरा बोझ महिलाओं पर पड़ता है। इससे एक ही झटके में वे सभी लाभ खत्म हो जाएंगे जो महिलाओं ने उच्च शिक्षा, कार्यालयों और दुकानों आदि में जाकर हासिल किए हैं। गरीब और रुढ़िवादी परिवारों से आने वाली महिलाओं को ऐसे मानकों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

देश में महिलाओं की श्रम भागीदारी दर 37 फीसदी है और यह लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। महिलाओं पर बोझ डालने से हालात में कोई सुधार होने वाला नहीं है। आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ने वालों के लिए दो बच्चों की सीमा समाप्त कर दी है और सरकार बड़े परिवारों को प्रोत्साहित करने पर विचार कर रही है। तेलंगाना भी उसका अनुसरण कर सकता है। दक्षिण भारत के राज्यों की चिंता जायज है कि जनसंख्या नियंत्रण के उनके प्रगतिशील कदम वित्त आयोग के आवंटन और संसदीय सीटों के परिसीमन में उनके खिलाफ जाएंगे।

ये आशंकाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं और इसे नीतिगत स्तर पर हल करने की आवश्यकता है ताकि इन राज्यों का जननांकिकीय लाभ उत्तर भारत के गरीब और अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए आदर्श बन सके। बड़े परिवारों को प्रोत्साहन देना प्रतिगामी कदम होगा। इसके बजाय देश भर में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### कुजू : पायल ज्वेलर्स में चोरी



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के रांची रोड स्थित पायल ज्वेलर्स से मंगलवार रात चोरों ने कीमती जेवरातों की चोरी की। मामले को लेकर संचालक जीतेंद्र कुमार द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया। वही पुलिस दुकान पहुंचकर छानबीन किया। छानबीन में दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो उसमें चोरों की तस्वीरे आ गयी है। इसके बाद संचालक ने सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की तस्वीरों को पुलिस को सौप दिया। पुलिस छानबीन में जुटी है।

### भुरकुंडा में मोतियाबिंद शिविर आज से

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वाधान में 12 से 17 दिसंबर तक टॉपकौन ऑप्टिकल भुरकुंडा में मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों का 18 दिसंबर को शाम चार बजे निरामया अस्पताल रांची में भर्ती कराया जायेगा। साथ ही 19 दिसंबर को सुबह नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। वहीं सफल ऑपरेशन के बाद 20 दिसंबर को सभी वापस भुरकुंडा लाया जाएगा। इधर भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में 15 दिसंबर को बवासीर का जांच एवं नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त जानकारी राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो ने दिया।

### कराटे में चार बच्चों ने जीता पदक



रजरप्पा। सब जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप का समापन रविवार को खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस दौरान गोला के 4 बच्चों ने मेडल जीत कर अपनी प्रतिभा दिखाई है। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल, क्षेत्र व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। जज ने कहा कि इस सफलता का श्रेय कराटे कोच (कमल नायक) की शिक्षा, बच्चों की कड़ी मेहनत, स्कूल व अभिभावकों के जबरदस्त सहयोग को जाता है। वही इस प्रतियोगिता में अविक कुमार गोल्ड पदक, वर्षा रानी, मयंक कुमार रजक पदक और नैतिक कुमार कास्यं पदक शामिल है. बच्चों की इस उपलब्धि पर कई लोगों ने बधाई दी। इधर, कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन द्वारा 14 एवं 15 दिसम्बर 2024 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप में गोला निवासी अरविन्द कुमार अग्रवाल के पुत्र अविक कुमार का चयन हुआ है. अविक अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।

### मैनेजर से मिले बिरेंद्र यादव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने झामुमो नेता बीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को बलकुदरा में मैनेजर फहीम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बीरेंद्र यादव ने मुख्य रूप से दो बातें रखी। उन्होंने मैनेजर से कहा कि बलकुरा द्वारा जो ओबी फेंका जा रहा है उससे श्मशान घाट जाने वाले रास्ता बंद हो रहा है। साथ ही हैवी ब्लास्टिंग में 6 मीटर का जो गड्ढा खोदा जा रहा है उसे तत्काल रोक लगाकर मात्र तीन मीटर किया जाए। ताकि ग्रामीणों के घरों का काम नुकसान हो। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर तत्काल पहल नहीं की गई तो झामुमो पुरा डिस्पैच ठप कर देगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर बीरेंद्र यादव, रमेश बेदिया, मुकेश बेदिया, राजेंद्र बेदिया, जुगल बेदिया, शंकर कुमार, सागर बेदिया आदि मौजूद थे।

### सर्वोदय निकेतन में खेलकूद शुरू



**कुजू।** डटमा मोड़ के शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह बुधवार से शुरू हुआ, पांच दिन तक चलेगा। क्रीड़ा सप्ताह का शुभारंभ विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने किया। विद्यालय में कक्षा तृतीय से चतुर्थ के जूनियर छात्रों की अंतर्सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लड़कों के वर्ग में गांधी सदन और लड़कियों के वर्ग में कलाम सदन विजई रहा। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने कहा कि छात्रों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अवसरों को भी प्रदान किया जाना आवश्यक है। इससे उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं और शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### ए ला एंग्लाइज में ओलंपियाड संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में कक्षा 1 से 12 तक के 640 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें छात्रों को विभिन्न विषय गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक अध्ययन में परीक्षा ली गई। कहा गया कि ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों में तार्किक क्षमता, गणित, विज्ञान और भाषा संबंधी कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता का आयोजक ब्लूम ओलंपियाड था। जिसमें विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्नपत्र तैयार किए गए थे। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के परिणाम की जल्द घोषणा की जायेगी।ओलंपियाड समन्वयक धर्मेश सोनी और गौरव साहू ने बताया कि ओलंपियाड परीक्षा छात्रों में प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

# जेल में बंद अपराधी मिलन तुरी ने करायी थी दीपक सिंह की हत्या

## 25 हजार रुपये दी थी सुपारी, दो युवक गिरफ्तार

**खबरमन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में चार दिसंबर को हुई दीपक सिंह की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि पैसे में लेनदेन विवाद के बाद दीपक सिंह की हत्या की साजिश रची गयी। इस कांड के लिए जेल में बंद मिलन तुरी ने गिद्दी के उर्मिक करमाली से फोन के जरिये संपर्क कर संतोष कुमार से बात कराने को कहा।

उर्मिक ने संतोष की मिलन से बात कार्रवाई जिसमे दीपक की हत्या की सुपारी दी गयी। 25000 रुपये में हत्या की बात तय हुयी। उर्मिक करमाली और संतोष कुमा पहला इन्सटॉलमेंट 17,000 रुपये फोन पे के जरिये दिया गया। इन्सटॉलमेंट मिलने के बाद दीपक की हत्या चार दसंबर की रात को कर दी गयी थी। ज्ञात हो की हत्या के बाद बहुत शोर शराबा हुआ था। एसपी अरविन्द कुमार सिंह के निर्देश



पर बड़कागांव एसडीपीओ और पुलिस इंस्पेक्टर ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस ने इस दौरान हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम संतोष कुमार, करियातपुर बरही का रहने वाला बताया जबकि दूसरे ने अपना नाम उर्मिक करमाली गिद्दी निवासी बताया।

दोनों ने हत्या में अपनी सलिप्तता भी स्वीकार की और हत्या में इस्तेमाल किये गए हथियार की जानकारी भी दे दी। पुलिस ने संतोष के पास से 16,300 रुपये बरामद किया। पुलिस इनके पास से फोन पे द्वारा किया गया भुगतान वाला मोबाइल बरामद किया है। जिस पिस्तौल से गोली मारी गयी वो पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया है। ज्ञात हो गिद्दी पुलिस ने छह दिसंबर को दोपहर में साधु कुटिया मंदिर के पास दीपक सिंह नामक का शव बरामद किया था। युवक के पीठ में दो जख्म पाया गया था।

घटना स्थल के पास खून का निशान और गोली का चार खोखा पाया गया था। पुलिस ने शव की पहचान रेलीगढ़ा दो तल्ला निवासी महिला उमा देवी ने उसके पुत्र दीपक सिंह के रुप में किया था। उमा देवी पुलिस को बताया था की बुधवार 4 दिसंबर को लगभग 3 बजे एक युवक उसके पुत्र को उसके घर से बुला कर ले गया था। इसके बाद वह रात में घर वापस नहीं आया। बाद में उसकी हत्या की जानकारी हुई।

# नगर व छावनी परिषद में चल रहे विकास योजनाओं की रामगढ़ डीसी ने की समीक्षा

**पतरातू डैम में संप हाउस निर्माण, चैनगड्डा और बंजारी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि चिन्हित करें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ ।** नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार द्वारा अन्य विकास कार्यों के संबंध में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू डैम परिसर में सम्प हाउस निर्माण, चैनगड्डा तथा बंजारी क्षेत्र में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने हेतु तत्काल रूप से भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को



जानकारी दी गई कि नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए जाने संबंधित मामले में ऑरेंज मीडिया एजेंसी विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है । वहीं, रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के समीप नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन को लेकर शेष बचे दुकानों का आवंटन जल्द से जल्द संपन्न करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के सौंदरयीकरण व साफ सफाई पर आवश्यक निर्देश दिए । वहीं, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर पशुओं के आवागमन एवं इससे ट्रैफिक व्यवस्था में हो रही कठिनाइयों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उपायुक्त ने कांजी हाउस, रामगढ़ का संचालन और भी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सड़कों पर आवागमन करने वाले पशुओं को जप्त कर कांजी हाउस में रखने सहित अन्य कार्रवाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रामगढ़ शहरी क्षेत्र को हरा भरा रखने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने मरार तालाब सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्टेडियम आदि विकसित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान रामगढ़ शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, छावनी क्षेत्र अंतर्गत ट्रेकर स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ सफाई बनाने को लेकर भी चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### आकर्श इंटरनेशनल स्कूल का स्थापना दिवस मना

**रामगढ़।** रामगढ़ मंतागढ़ा स्थित आकर्श इंटरनेशनल स्कूल का 31वां स्थापना दिवस एवं ओशो का जन्मदिन 11 दिसंबर को आकर्श इंटरनेशनल स्कूल परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, सम्मानित अतिथि डॉ गीता सिन्हा मानकी, विश्व हिन्दू परिषद के रामगढ़ जिला अध्यक्ष संतू भाई मानिक, विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम , झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा एवं छोटू वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के संचालक मनोज कुमार द्वारा उनका शॉल ओढ़ाकर व पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्कूल के स्थापना दिवस और ओशो के जन्मदिन को लेकर केक काटा गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने विद्यालय प्रबंधन समिति को स्कूल की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

# एसपी कार्यालय में अपराध गोष्ठी आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी कार्यालय में बुधवार को एसपी अजय कुमार ने अपराध गोष्ठी किया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की गई । साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न मामलों को 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत आइआइएफ-1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एंड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने,



डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को ससमय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमीनल ला के तहत इ साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़/पतरातु, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

### भुरकुंडा शीतला मंदिर में भागवत कथा हुआ शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री भागवत कथा को लेकर बुधवार को कलश स्थापना व कलश पूजन अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक के द्वारा वैदिक संस्कार व मंत्रोच्चारण के साथ 11 कलश की स्थापना व पूजन की गई। तत्पश्चात आरती के साथ 3 बजे श्री भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। मौके पर कथा वाचक पंडित रामकुमार पाठक ने बताया की सात दिवसीय श्रीभागवत कथा का 11 दिसम्बर से आगाज हुआ है। जिसका 17 दिसम्बर को हवन के साथ समापन होगा।

# मंत्री संजय यादव से मिला राजद व कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

## पतरातू की औद्योगिक समस्याओं से कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय कुमार यादव से राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजद व कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संजय यादव को मंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। साथ ही बुके देकर स्वागत करते हुए पतरातू क्षेत्र के पीवीयूएनएल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा क्षेत्र के श्रमिकों के मूल समास्याओं, शोषण दोहन की ओर ध्यान आकृष्ट किया। वही औद्योगिक क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे आम लोगो को उद्योगों द्वारा वायु एवं जल प्रदुषण के कारण जानलेवा बीमारियों सहित



कई समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने औद्योगिक क्षेत्र की समास्याओं के निराकरण के लिए सख्ती से कदम उठाने का मंत्री संजय कुमार यादव आग्रह किया। मौके पर मंत्री संजय कुमार यादव ने आश्वस्त किया की जल्द ही समास्याओं के निराकरण के लिए सकारात्मक पहल किया जाएगा। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में सुजीत कुमार पटेल, संतोष यादव, सत्येन्द्र यादव, अनिल कुमार, संजीव कुमार सिंह, धीरज पटेल सहित कई लोग शामिल थे।

### ललन यादव ने संजय यादव को दी बधाई

**कुजू।** संजय प्रसाद यादव के विधायक बनने व मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र के समाज सेवी से ललन कुमार यादव ने मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने रांची स्थित आरजेडी कार्यालय जाकर मंत्री संजय प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामना भी दिये। ललन यादव ने कहा कि संजय प्रसाद यादव के मंत्री बनने से राज्य के जनता का विकास होगा। वहीं उन्होंने मंत्री को क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने हर संभव समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

## एक नजर में

### जनता के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी : अंबा प्रसाद



बड़कागांव। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के चुनावी परिणाम के बाद समाधान भवन में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अंबा प्रसाद ने परिणाम की समीक्षा की। इस दौरान यह बात निकल कर आई कि विपक्ष भाजपा एवं आजसू गठबंधन को बड़कागांव की खनन कंपनियां एनटीपीसी, अडानी, ओएनजीसी समेत कई कंपनियों ने खुलकर मदद किया। जबकि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की सेवा एवं काम का उचित मूल्यांकन नहीं हो पाया। चुनावी नतीजे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में गया। लोगों ने बताया कि मतदान से ठीक पहले भाजपा एवं आजसू के लोगों द्वारा धन बल का प्रयोग किया चुनाव के समय पूरे क्षेत्र से यह शिकायत सुनने को मिला।सांप्रदायिक तौर पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए विरोधियों द्वारा फर्जी एवं सांप्रदायिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य मतदाता पर्ची के साथ बांटने का कार्य किया गया, कई मतदान केंद्र के बाहर इस तरह के पर्ची देखने को मिली। सोशल मीडिया मे कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ अफवाह एवं फर्जी संदेशों को प्रसारित करवाया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव को मेरे परिवार ने अपने खून पसीने से सीचा है ,बड़कागांव की सेवा में मेरा सर्वस्व न्योछावर था है और रहेगा । वोट के रूप में मिले आशीर्वाद के लिए जनता जनार्दन का धन्यवाद करती हूं , दुगुनी ऊर्जा से जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा और उपलब्ध रहूँगी । पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं आए लेकिन 5 वर्षों में किए गए विकास कार्य को जनता भली-भांति जानती है, विगत दिनों हुए विधानसभा चुनाव परिणाम कंपनी का बराबर विरोध करने के चलते खुलकर विरोधी पार्टियों का सपोर्ट करने चलते हमारे विपरीत रही। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली, संजय महतो, श्याम भार्गव,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, जमाल सागीर, प्रभु राम, गौतम कुशवाहा, रोहित सिंह, संजय साव, पंकज कुमार, मोहम्मद शमीम, शमशेर आलम, मो. मुबारक समेत पंचायत के अध्यक्ष कोर कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दारु पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**दारु।** दारु थाना पुलिस ने बुधवार को एक पुराने मामले में फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वारंटी रंजीत तुरी पिता किशुन तुरी मेडकुरी का रहने वाला है वह वर्ष 2010 के कांड संख्या 45/10 के एक मामले में वारंटी था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### टाटीझारिया के बेड़म में हटाया गया अतिक्रमण

**टाटीझरिया ।** टाटीझरिया अंचल क्षेत्र के डूमर पंचायत के बेड़म गांव में पिछले कई वर्षों से सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया गया था। इसके विरुद्ध कई बार अंचल अधिकारी को शिकायत किया गया था। अंचल अधिकारी नीलू टुडू ने बुधवार को थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी,सीआई राकेश कुमार सिंह,कर्मचारी मनीष कुमार, अमीन रोहित कुमार के साथ मिलकर अंचल कर्मियों के उपस्थिति में जेसीबी से अतिक्रमण युक्त घर, गोशाला,चारदीवारी को हटाया गया। इनमें बेडम के विभिन्न लोगो द्वारा किए गए अतिक्रमित भूमि को एक एक मकान, चारदिवारी, को जेसीबी मशीन से तोडकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### युवती के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार

बरही। युवती की अपहरण मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त अनिल प्रजापति और काजल देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त लोगों द्वारा विवाहित युवती का अपहरण कर दुबारा शादी कराने ले जा रहा था। बरही पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में साहित्य और समाजसेवा में विशेष योगदान देने वाले तमिल भाषा के महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी का 142वां जन्मोत्सव मनाया गया। सुब्रमण्यम भारती जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा बारी-बारी से भाषण और उनके लिखे कविताओं की प्रस्तुति दी गई।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉङ्ग सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारती कई भाषाओं के जानकार थे और तमिल भाषा के प्रति उनका जुनून था।उनकी रचनाओं में राजनीतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विषय शामिल थे। संगोष्ठी के आयोजन में सर्वणा मिश्रा , बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,शशि भूषण देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अद्दश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद ,नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले दो विधायक



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र महतो से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान प्रदीप प्रसाद ने महतो के कुशल नेतृत्व और विधानसभा में उनके समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में रवीन्द्र महतो का अनुभव और नेतृत्व सदन की मर्यादा और कार्यकुशलता को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि रविंद्र महतो के नेतृत्व में विधानसभा में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में महतो का कार्यकाल प्रदेश के विकास और लोकतंत्र के लिए एक प्रेरणादायक अध्याय साबित होगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास भी महतो को बधाई दी। उज्जवल दास ने भी अध्यक्ष के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन विधानसभा की कार्यवाही को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने सदन में रचनात्मक सहयोग और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से विधानसभा और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके साथ सकारात्मक दृष्टिकोण साझा किया।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुघर्टना में युवक घायल



**गिद्धौर।** बुधवार को 10 :00 बजे, सालिमपुर मोड़ के पास, एक हाईवा के चकमा देने से अमजद अंसारी (28 वर्ष) नामक युवक अपनी मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे माथे में गंभीर चोट आई और माथा फट गया। ग्रामीणों की मदद से उसे गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ उसका इलाज किया गया और उसे घर भेज दिया गया। अमजद अंसारी अपने ससुराल से अपने गाँव बरटा लौट रहा था।

### विद्यालय से सोलर प्लेट व चावल की चोरी



**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के यूएमएस पोटमदोहर में मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने गेट के ताला तोड़कर कर तीन सोलर प्लेट व 12 बोड़ा चावल चोरी कर लिया गया। इसकी सूचना शिक्षको को बुधवार को मिली तब जा कर विद्यालय पहुँच कर देखा तो विद्यालय में रखे सोलर प्लेट व चावल गायब है। सचिव अरुण यादव ने घटना की सूचना कुंदा थाना को दिया है। उन्होंने बताया कि उक्त चावल बच्चों को दी जाने वाली मध्याह्न भोजन का चावल था।

### इटखोरी में जंगली जानवरों का आतंक, दहशत में ग्रामीण

**चतरा।** जिले के इटखोरी करमा खुर्द गांव में एक जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण दहशत में हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है और वे अपने घरों में दुबके हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई है, हालाँकि पहले कुत्ते के काटने की घटनाएँ हुई थीं। वन विभाग के अधिकारी घटना की जाँच कर रहे हैं और जानवर की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि ग्रामीणों का मानना है कि यह एक भेड़िया था।

### अवैध रूप से ढिबरा उत्खनन के खिलाफ देर रात्रि को चला अभियान



**कोडरमा।** वन क्षेत्र में अवैध रूप से ढिबरा, माइका उत्खनन के खिलाफ मंगलवार देर रात्रि को वन विभाग की टीम ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतगर्त इंदरवा, चितरपुर और लोमचांची जंगल मे छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं वन विभाग और पुलिस टीम के द्वारा चलाये गए संयुक्त छापामारी अभियान का भनक लगते ही अवैध उत्खनन में लगे लोग फरार होने में सफल रहे, हालांकि इस दौरान तीन शक्तिमान और एक जेसीबी को जप्त किया गया। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अवैध उत्खनन के खिलाफ छापामारी चलाया गया, हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए खनन के आरोपी और वाहन चालक फरार होने में सफल रहे। वहीं भारतीय वन अधिनियम और वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

## मईंयां सम्मान योजना के आवेदनों में सुधार जरूरी

# मुख्यमंत्री से विशेष कैम्प लगाने का किया आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक शिष्टमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की भारी जीत पर उन्हें बधाई दिया। वहीं शिष्टमंडल का नेतृत्व सीपीएम पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात ने किया। मुख्यमंत्री से करीब आधे घंटे तक की वार्ता में झारखंड के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य और स्थानीय ट्रेड यूनियन नेता संजय पासवान ने मुख्यमंत्री से महत्वाकांक्षी मईंयां सम्मान योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे गृहणी और गरीब महिलाओं को काफी खुशी मिली है। अब अपने निजी जरूरतों के लिए पति और माता पिता पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है, लेकिन राज्य की हजारों गरीब और जरूरतमंद महिला इस योजना से वंचित हैं। हजारों आवेदनों की इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा बैंक एकाउंट नंबर या आईएफएससी कोड भरने में गलती कर दिया गया है, जिसके कारण रोज हजारों वंचित महिला प्रखंड व अंचल कार्यालयों में सुबह से ही लाईन लगाकर खड़ी हो जाती है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विशेष कैम्प लगाकर त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार किया जाए। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुधार पोर्टल को जल्द चालू करने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, प्रफुल्ल लिंडा और समीर दास शामिल थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बुधवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ गौतम कुमार ने किया। वहीं बीडीओ ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, घरेलू हिंसा, डायन बिसाही सहित सरकार द्वारा जागरूकता चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग जागरूक हो और किसी प्रकार की अपराध न हो। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मईंयां सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। वहीं पीएलवी शिवकुमार मोदी ने कहा कि कोई भी गरीब लाचार व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे।

# राज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कुछ गतिविधियों के साथ यूनिसेफ दिवस मनाया

## बच्चों के लिए बेहतर कल, आज से शुरू होता है



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को यूनिसेफ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राहुल घोष ने यूनिसेफ के बारे में बताते हुए कहा की यूनिसेफ जिसे संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 11 दिसंबर को दुनिया भर में हर बच्चे के बेहतर भविष्य की कल्पना करने के लिए मनाया जाता है। यूनिसेफ 190 से अधिक देशों और क्षेत्रों में बच्चों के जीवन को बचाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें बचपन से किशोरावस्था तक अपनी क्षमता को पूरा करने में मदद करने के लिए काम करता है। अवसर पर छात्रों ने सुरक्षित आश्रय, उचित पोषण, आपदाओं और संघर्षो से बच्चों की सुरक्षा, समानता, शिक्षा, सामाजिक समावेशन चाहने वाले हर बच्चे के अधिकारों पर नारे, कविताएं, पोस्टर बनाए। इन गतिविधियों ने न केवल दुनिया भर के समाजों में यूनिसेफ की भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा की, बल्कि छात्रों को यह भी एहसास हुआ कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन कैसे किया जाता है और उन्हें कैसे संरक्षित और संबोधित किया जा सकता है। इस अवसर पर कक्षा छह की सिफत रजा अपने भाषा के माध्यम से सभी को यूनिसेफ के कार्यों से अवगत कराया।

### उपायुक्त ने अनुकम्पा के आधार पर तीन अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा अनुकम्पा के आधार पर तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें रुचि पांडेय और रोनाल्ड अंकित लकड़ा को निम्नवर्गीय लिपिक और सन्नी कुमार को चौकीदार पद पर अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं नियुक्ति पत्र देने के उपरांत उपायुक्त ने तीनों अभ्यर्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विभागीय निर्देशानुसार बेहतर तरीके से सरकारी दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। मौके पर डीईओ अविनाश राम, प्रधान लिपिक तरुण लाल आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### ग्राम महिला समूह की हुई समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** बुधवार को छः घरवा सीएलएफ क्लस्टर में महिलाओं की समीक्षा बैठक हुई। आईपीआरपी सुनीता देवी के नेतृत्व और सीएलएफ अध्यक्ष शीला देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लेखपाल शीला देवी ने संचालन किया। बैठक में सीएलएफ रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरे गए, जिससे जेएसएलपीएस में समूह सदस्यों की सदस्यता प्रमाणित होगी। कई महिलाएँ, जिनमें सुमन देवी, प्रतिमा देवी, लक्ष्मी देवी आदि शामिल थीं, उपस्थित रहीं।

### कोयला परिवहन में लगे वाहनों से क्षेत्र में बढ़ा प्रदूषण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** ओडिशा स्टीवडोर्स कंपनी के कोयला वाहन टंडवा में प्रदूषण फैला रहे हैं।

केडी माइंस और पांडू-चट्टीबरियातू कोल माइंस से कोयला ढोते ये वाहन टंडवा सिमरिया बगरा की सड़क और शहीद चौक को धूल से भर रहे हैं। कंपनी के वाहन डीजल लेने के लिए गेरुआ पुल पर रुकते हैं, जिससे पुल क्षतिग्रस्त होने और दुर्घटना का खतरा है।

कंपनी के लाइजनर के प्रभाव के कारण यह समस्या जारी है, और शहीद चौक पर पेट्रोल पंप में तेल लेने से छात्रों और राहगीरों को खतरा है।

# ग्रिजली कॉलेज में पूर्ण आंतरिक केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पूर्व आंतरिक केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दिसंबर 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बीएड सत्र 2023-25 एवं 2024-26 के प्रशिक्षु सम्मिलित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने कहा कि पूर्ण आंतरिक केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन से प्रशिक्षुओं में परीक्षा को उत्तीर्ण करने के विविध कौशलों एवं तकनीकी का सृजन एवं विकास होता है, जो प्रशिक्षुओं को उनके लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर करता है। परीक्षा में महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षु दीपा नाथ, कोमल कुमारी, स्मिता रंजन, गुलाब कुमार, नुशरत जहां, सिमरन कौर, सकीना खातून, अक्षय रविदास, निरंजन कुमार, शीतल कुमारी, रोहित कुमार रौशन, दीप्ति कुमारी, काजल कुमारी, नैंसी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रवीना कुमारी, सिंपी कुमारी, पारुल कुमारी, रिंकी कुमारी शामिल थीं। वहीं परीक्षा आयोजन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा एवं चुन्नु कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्पूर्ण परीक्षा प्रभारी मनीष कुमार सिन्हा के देख रेख में सम्पन्न की गई।

## शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने को लेकर शुरू हुआ अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने को लेकर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों, प्राचार्यों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है, ऐसे में हम सबों की जिम्मेवारी है कि अपने आने वाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और वयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाय। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाकािरी कंचन कुमारी, विक्रम परमार, प्रखंडों के बीईईओ, चयनित स्कूलों के प्राचार्य, प्रतिनिधि, भोला पांडेय आदि मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का टीम पहुंचा ककहिया गांव, दिया कंबल



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन चतरा के टीम बुधवार कुंदा के ककहिया गांव पहुँचे। टीम में प्रदेश महासचिव संजय कुमार सुमन। कुंदा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, मिथलेश सिंह, श्रीनिवास शर्मा ने गांव पहुँच कर पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी लिया। साथ ही ठंड को देखते हुए उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रदेश महासचिव ने कहा की एक तरफ सरकार गरीबों को आवास देकर घर बसा रही है, तो दूसरी ओर वन विभाग के कर्मियों द्वारा उसे तोड़ा जा रहा है।

घर से बेघर कर दिया जा रहा है। परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे इस कड़ाके की ठंड में जीवन बेहाल है। यहाँ के गरीब परिवारों के साथ अन्याय हुआ है। ककहिया गांव से सम्बंधित पूरी विस्तृत जांच रिपोर्ट उच्च स्तरीय पदाधिकारी के पास भेज कर इन परिवारों को न्याय दिलाया जाएगा।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लैंग्वेज एन्ड कम्युनिटी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान, जागरूकता और रुचि को बढ़ाना है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से एकता और संस्कृति को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य के प्रति आदर और प्रेम विकसित करना, बहुभाषा शिक्षण के माध्यम से शिक्षा और शोध को प्रोत्साहन देना, भारतीय भाषाओं के प्रति प्रेम और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है।

# ताप विद्युत केंद्र में दो नये यूनिट का भूमि पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ताप विद्युत केंद्र के फेज-2 के 800.2 के दो नए यूनिट कुल 1600 मेगावाट का निर्माण होने वाले यूनिट का भूमि पूजन बुधवार को अध्यक्ष एस सुरेश कुमार परियोजना प्रधान सह महाप्रबंधक मनोज कुमार ठाकुर सहित कई अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना एवं हवन कर किया गया। बुक 800.2 यूनिट का निर्माण भेल कंपनी की ओर से 13.6 हजार करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा।

उक्त युनिट से 800.2 कुल 1600 मेगावाट विद्युत उत्पादन होगा, जिसका निर्माण कार्य मार्च 2029 तक पूर्ण किया जाना है। मौके पर अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के विस्तारीकरण का कार्य नए साल 2025 में शुरू हो जाएगा। इसके लिए भेल कंपनी को टेंडर अवार्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि केटीपीएस फेज-2 निर्माण होने वाला यूनिट से इस एरिया के लोगों के लिए सार्थक साबित होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि करियावां एश पौंड से होने वाले प्रदूषण के लिए बहुत अच्छा तरीके से कम करना है। 4 साल में प्लांट में फेज टू का 1600 मेगावाट यूनिट पूर्ण रूप से तैयार होगा। 4 साल के बाद नहीं तैयार होने पर कई समस्या उत्पन्न हो सकता है।

केटीपीएस के फेज-2 विस्तारीकरण कार्य से डीवीसी के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र के विस्थापितों का विकास होगा। इसने यूनिट विस्तारीकरण में यहां के विस्थापितों, जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग जरूरी है। यूनिट में काफी सुरक्षा के साथ काम किया जाएगा। किसी प्रकार की यहां चोरी की समस्या नहीं होगी। यहां सीआईएसएफ के साथ-साथ और भी सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। उन्होंने एश पौंड एरिया के बारे में कहा कि डीवीसी केटीपीएस एश पौंड एरिया में माल ट्रेन से ही एश को उठाने की व्यवस्था किया जाएगा, ताकि यहां विस्थापित लोगों को किसी प्रकार की प्रदूषण का शिकार नहीं होंगे। कोडरमा डीवीसी का सबसे बड़ा और अधिक विद्युत उत्पादन करने वाला केंद्र बन जाएगा।

## चला वाहन जांच अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में नवलशाही थाना के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के जांच के दौरान कुल 17 बाइकों को पकड़ा गया। इसके अलावा एक बोल्डर लदा हाइवा के दस्तावेजों की जांच में अनियमितता पाई गई जिसे जप्त किया गया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

### तमासीन जलप्रपात: खूबसूरती के साथ-साथ एक खतरनाक पर्यटन स्थल



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले में स्थित तमासीन जलप्रपात अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपनी खतरनाक प्रकृति के लिए भी जाना जाता है, जहाँ हर साल कई लोगों की डूबने से मौत हो जाती है।

पिछले वर्षों में, दुर्गेश कुमार और तफजुल जैसे कई युवकों की इसी जलप्रपात में डूबकर मृत्यु हो चुकी है, जो ज्यादातर सेल्फी लेने या लापरवाही के कारण हुई हैं। प्रशासन द्वारा इसे 'डेंजर जोन' घोषित करने और सुरक्षा उपाय जैसे चेतावनी बोर्ड और रस्सियाँ लगाने के बावजूद, बारिश के मौसम में ये बोर्ड बह जाते हैं, जिससे खतरा बना रहता है। इसलिए, पर्यटकों को तमासीन जलप्रपात पर जाने से पहले सावधानी बरतने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों के बावजूद, यह स्थान अभी भी काफी खतरनाक बना हुआ है।

# स्कूल से चोरी की गयी सोलर पैनल बरामद, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जवादोहर से सोलर पैनल की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर गिरोह का पुलिस ने बुधवार को करीब 11 बजे खुलासा कर दिया है। एक आरोपी अजीत कुमार थाना क्षेत्र के जवादोहर निवासी को गिरफ्तार कर चतरा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है वही चार निरुद्ध को हजारीबाग बाल गृह सुधार भेजा गया। ज्ञात हो कि रविवार की रात उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से अज्ञात चोरों के द्वारा सोलर पैनल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की जानकारी दूसरे दिन सोमवार को स्कूल खुलने के बाद हुई। जिसे लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने एक बैठक किया। बैठक में चोरी की घटना से संबंधित गहन जांच पड़ताल की गई। जांच पड़ताल के दौरान गांव के पांच व्यक्ति पर सोलर प्लेट चोरी करने का संदेह जाहिर किया गया। सन्देहहस्पद व्यक्तियो को बैठक में




बुलाया गया। ग्रामीणों ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो सोलर प्लेट चोरी करने की बात को स्वीकार किया। चोर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने हेतु इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस विद्यालय पहुंचकर चोरी की घटना में शामिल सभी लोगों को थाना ले आई थी वही दो सोलर पैनल भी पुलिस के द्वारा बरामद किया गया है। पुलिस बुधवार को एक युवक को जेल भेज दिया है वही चार निरुद्ध को हजारीबाग बाल सुधार गृह भेज दी है।

## स्पीड न्यूज



### ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने लिया गुरुजी से आशीर्वाद

**चांडिल।** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो बुधवार को रांची स्थित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री गुरुजी शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उनसे भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बधाई दिया। विधायक ने गुरुजी शिबू सोरेन से काफी देर तक कई मुद्दों पर बातचीत कर गुरूजी का मार्गदर्शन लिया।

### नगर निगम क्षेत्र में अलाव का कार्य शुरू



**जमशेदपुर।** बढ़ती ठंड को देखते हुए मानगो नगर निगम के द्वारा मानगो चौक, डिमना चौक, पारडीह चौक में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। चौक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था होने से ठंड में लोगों को समस्या नहीं होगा और राहगीर और अन्य अलाव से ठंड में बचाव कर सकते हैं।

### प्रहरी अभियान : एसपी का चांडिल में पैदल मार्च



**चांडिल।** प्रहरी पहल अभियान के तहत सराइकेला-खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने चांडिल में पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी वरुण यादव के साथ नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर चांडिल थाना क्षेत्र में पैदल गश्ती किया। इसका उद्देश्य पैदल गश्ती के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाना है।

### टीबी फ्री इंडिया के तहत 13 को बंटेगा पोषण किट

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित पीएम टीबी फ्री इंडिया का 29वें महीने का पोषण किट, जिसमें टीबी मरीजों के लिए एक महीने की खाद्य सामग्री के साथ प्रोटीन-वसा आहार बादाम, सोयाबिन के अलावा एक महीने की विटामिन खुराक 13 दिसंबर को दिन में 3 बजे रेड क्रॉस भवन, साकची में छगनलाल दयालजी सन्स लि. के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के साथ रसिकलाल छगनलाल आडेसरा के पुण्य स्मृति में प्रदान किया जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आरवीएस के छात्रों ने राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, एनएमएल, जमशेदपुर में किया नवाचार का अनुभव





राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर के शैक्षणिक दौरे के दौरान एक अनूठा अनुभव प्राप्त करते आरवीएस अकादमी के कक्षा 12वीं के विज्ञान विद्यार्थी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी के कक्षा 12वीं के विज्ञान छात्रों ने राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर के शैक्षणिक दौरे के दौरान एक अनूठा अनुभव प्राप्त किया। अपने शिक्षकों के साथ गये छात्रों को धातुकर्म प्रक्रियाओं, अनुसंधान और नवीन तकनीकों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त हुआ जो उद्योग को आगे बढ़ाती हैं। दिन की शुरुआत एनएमएल टीम द्वारा छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई, जहां उन्हें संस्थान के इतिहास और सामग्री विज्ञान एवं धातुकर्म के क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गयी।

छात्रों को अनुसंधान और परीक्षण प्रयोगशालाओं का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने अत्याधुनिक प्रयोग और अध्ययन की गयी अवधारणाओं के व्यावहारिक अनुप्रयोग देखे।

दौरे की मुख्य विशेषताओं में धातुओं के परीक्षण तकनीकों का प्रदर्शन, धातुकर्म में स्थिरता पर चर्चाएं और वैज्ञानिकों के साथ इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। वैज्ञानिकों ने छात्रों को अनुसंधान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने न केवल छात्रों की सैद्धांतिक समझ को गहरा किया, बल्कि उन्हें औद्योगिक और सामाजिक विकास में विज्ञान की भूमिका पर गहराई से सोचने के लिए प्रेरित किया।

आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिंदा सिंह जी ने कहा, हम छात्रों को कक्षा से परे सीखने के अवसर प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। एनएमएल की यात्रा हमारे छात्रों में जिज्ञासा को बढ़ावा देने और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसे शैक्षिक अनुभव छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने में मदद करते हैं, जिससे उनके अंदर नवाचार और अनुसंधान के प्रति जुनून जागता है।

इसी भावना को व्यक्त करते हुए, आर.वी.एस. अकादमी की प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा ने कहा, राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला का शैक्षणिक दौरा विज्ञान के छात्रों के लिए विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक असाधारण अवसर था। यह व्यावहारिक अनुभव हमारे शैक्षणिक पाठ्यक्रम को पूरक बनाता है और छात्रों को गहन समझ के साथ उन्नत अवधारणाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित करता है। मैं एनएमएल के मार्गदर्शन और इस दौरे को सफल बनाने के लिए हमारे शिक्षकों के प्रयासों के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव हमारे छात्रों की शैक्षिक और व्यावसायिक यात्रा पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा।

# झारखंड राज्य की संस्कृति और परंपराएं यहां के समाज की असली पहचान : आयुक्त

■ कोल्हान यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में प्रशासनिक अधिकारियों, मानकी, मुंडा, डाकुवा एवं दिऊरी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत कोल्हान यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयुक्त सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल हरि कुमार केसरी की अध्यक्षता तथा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी चाईबासा/सारंडा, अपर उपायुक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं मानकी, मुण्डा, डाकुवा एवं दिऊरी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त सिंहभूम कोल्हान प्रमंडल हरि कुमार केसरी ने कहा कि झारखंड राज्य की संस्कृति और परम्पराएं यहां के समाज की पहचान है। इस संस्कृति के संवाहक एवं संरक्षक है यहाँ के विभिन्न परंपरागत पदाधिकारी मानकी, मुण्डा, ग्राम प्रधान, डाकुवा एवं ग्रामीण दिउरी (पुजारी)। झारखंड के ग्रामीण समाज में आपका महत्वपूर्ण स्थान है और स्थानीय शासन, न्याय एवं सामाजिक समरसता में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस हेतु इन्हें कोल्हान का ग्रामीण प्रशासन बोला जाता है, झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रहे सामाजिक और आर्थिक बदलावों ने मानकी-मुण्डा की जिम्मेदारियों को और भी बढ़ा दिया है। वर्तमान परिदृश्य में आपके कार्य यथा जनता के साथ सरकार का सीधे संबंध रखना,विवादों का निपटारा ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामों में करना, अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना एवं लगान वसूली सहित अन्य कार्य काफी सराहनीय है। सन 1834-35 में ब्रिटिश सरकार ने इकरारनामा के आधार पर कोल्हान क्षेत्र के लिए मानकी को तथा मुंडा को अलग-अलग सनद पट्टा निर्गत किया गया जिसे अब हकूक-नामा के नाम से जाना जाता है। मुंडा को ग्राम का प्रधान तथा मानकी को पीड़ का प्रधान बनाया गया है। मुंडा-मानकी अपने ग्राम तथा पीड़ के प्रति उत्तरदायी होंगे। यही रिवाज स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी कोल्हान में प्रचलित है।

उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक संरचना और मानकी-मुंडा व्यवस्था जो महत्वपूर्ण अंग है इसको आपस में संवाद स्थापित कर और बेहतर करने के लिए आयोजित किया गया है। जिससे आप सभी को अपनी बातों को रखने का सामान अवसर प्राप्त हो एवं जो वास्तविकता धरातल में चल रही है उसका फीडबैक आपके माध्यम से जिला प्रशासन को मिल सके। उन्होंने कहा कि आप सभी मानकी-मुण्डा द्वारा जो भी मांग जिला प्रशासन से की गई है उसे पूरा करने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं। साथ ही राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में संकल्प जारी कर आपके सम्मान राशि जो में वृद्धि की गई है वह सम्मान राशि आप सभी को यथाशीघ्र प्राप्त हो इस दिशा में जिला प्रशासन अग्रेतर कार्य कर रही है। पश्चिमी सिंहभूम जिले की प्रगति, सामाजिक व्यवस्था एवं संरचना को आपके माध्यम से और विकासशील करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने दायित्व एवं जिम्मेदारी का सही से निर्वहन करना होगा। ग्राम स्तर पर जो छोटे-छोटे मतभेद उत्पन्न होते हैं उसको पंच के माध्यम ग्राम स्तर पर ही निपटारा करें ताकि समाज में फैली कुरितियों पर नियंत्रण रख सकें।

## भाजपाइयों ने काटा बवाल





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को बर्मा माइंस दुर्गा पूजा मैदान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा। बताया कि गाड़ियों की पार्किंग कर टाटा स्टील और जुस्को मैदान को हथियाना चाहती है, इस मैदान पर लंबे समय से पूजा का आयोजन होता आया है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया।

## एमजीएम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने 500 जरूरतमंदों को करवाया भोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के इंजीनियर इलियास खान ने एमजीएम अस्पताल में आयोजित भोजन वितरण समारोह में 500 जरूरतमंदों के बीच भोजन बांटा, जिसके मुख्य अतिथि जमशेदपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने मरीज के अभिभावक, रिश्तेदार और अटेंडर के बीच ब्रेड, केला, सेब, फ्रूट केक और बच्चों को चॉकलेट बांटकर किया। मुख्य अतिथि ने संस्था के कार्यों की काफी प्रसंशा की और सोच को सलाम किया। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट जैसी संस्था जो जरूरतमंदों के लिए राहत का कार्य करते रही है। संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों में खाना खिलाना और मरीजों में दवा की जरूरत को पूरा करना और असहाय लोगों की सहायता की मुख्य अतिथि ने काफी सराहना की और कहा कि संस्था के ऐसे कामों को बढ़ावा देना बहुत ही पुण्य का काम है और उन्होंने संस्था के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, पॉलीटेक्निक कॉलेज के सैयद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, हाजी अयूब अली और अमर नाथ की इस तरह के कामों में जुड़े रहने की सराहना की।

## भगवान के गुणों का श्रवण करें, वही भक्ति है : पंडित पवन कृष्ण गौतम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बुधवार संध्या को जोगार्स पार्क गोलमुरी स्थित विजय नगर मैदान में भागवत कथा आरंभ हुई। आयोजन के दूसरे दिन पंडित पवन कृष्ण गौतम ने श्री कुसुम मधुबन बिहारी गौ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भागवत कथा में आए सभी देवीयो और सज्जनों के समक्ष कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि वैसे सत्य को बारंबार प्रणाम करते है, जो समस्त ब्रह्माण्ड में अधर्म का नाश किया हो कुरीति कुमति का सर्वनाश किया हो वैसे ब्रह्मांड नायक को बार बार प्रणाम है। यक्ष ने पहला प्रश्न किया कि आखिर मानव का धर्म क्या है और दूसरा प्रश्न भगवान के कितने अवतार हुए साथ ही यह बताइए कि भगवान कौन से अवतार में कौन सा लीला किये। सूत महराज ने जबाव देते हुए बताया कि भागवत कथा में अमृत का रस है और भागवत सुनने के लिए नहीं बल्कि भागवत तो पीने के लिए है इसलिए इसका रसपान कीजिए आनंदित रहिए, सूत महराज ने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से पाप नहीं धुलते है बल्कि भागवत कथा में रसपान करने से पाप धुलते हैं।

## एक्सआईटीई के स्वयंसेवकों ने किया पिंडराबेड़ा पंचायत का सर्वे, चलाया स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से उन्नत भारत अभियान के तहत प्रखंड के पिंडराबेड़ा पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस विभाग के स्वयंसेवकों द्वारा गांव का सर्वे किया गया।

मौके पर पंचायत की मुखिया सुकमति मार्डी ने बताया कि पंचायत में एक प्राइमरी स्कूल, एक मिडिल स्कूल, दो आंगनबाड़ी केंद्र तथा एक स्वास्थ्य उपकेंद्र है। इन सभी स्थानों का वार्ड सदस्य गोरखा हेंब्रम के साथ एनएसएस अधिकारी नवल नारायण चौधरी द्वारा 15 स्वयंसेवकों के माध्यम से सर्वे कराया गया। इस दौरान समाजसेवी उदय मार्डी भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी केंद्र में भी स्वच्छता अभियान चलाया।

# जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने टोडो एफसी को 10-0 से हराया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** चार गोल करने वाले जुआला की अगुआई में जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 दिसंबर को शिलांग के एमएफए ग्राउंड में टोडो एफसी को 10-0 से हरा दिया। इस जीत ने जमशेदपुर को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जबकि क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन में एक और मैच खेला जाना है।

रेड माइनर्स ने शुरुआत में ही लय बना ली, कार्तिक ने 5वें मिनट में पुइया के कॉर्नर से गोल करके स्कोरिंग की शुरूआत की। पुइया ने 10वें मिनट में जुआला के पास से गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। सात मिनट बाद पुइया ने फिर से गोल किया और मिडफील्ड में रोहन के नियंत्रण से शुरू हुए मूव को फिनिश किया।

जमशेदपुर ने अपना दबदबा जारी रखा। 36वें मिनट में जुआला ने अपना खाता खोला, जिसमें एमजार्ड ने असिस्ट की और हाफटाइम तक स्कोर 4-0 हो गया। दूसरा हाफ और भी एकतरफा रहा, जिसमें जमशेदपुर ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। रेमसन ने 52वें मिनट में पांचवां गोल किया, उसके बाद 56वें मिनट में जुआला ने दूसरा गोल किया। 62वें मिनट में बियान ने शानदार गोल करके खेल में अपना योगदान दिया और 88वें मिनट में जुआला ने स्टॉपेज टाइम में अपना चौथा गोल करने से पहले अपनी हैट्रिक पूरी की। बियान ने अंतिम क्षणों में गोल करके स्कोर और आगे बढ़ाया।

टोडो एफसी को जमशेदपुर के लगातार हमलों को रोकने में संघर्ष करना पड़ा और वे पूरे खेल के दौरान केवल एक ही शॉट लक्ष्य पर लगा पाए। रेड माइनर्स की डिफेंस लाइन मजबूत रही, जिसने टोडो को आगे बढ़ने का कोई मौका नहीं दिया। इस शानदार जीत के साथ, जमशेदपुर एफसी रिजर्व तालिका में शीर्ष पर है, जिसने क्षेत्रीय दौर के लिए क्वालीफिकेशन के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जमशेदपुर एफसी अपना अगला मैच 13 दिसंबर को फुटबॉल 4 चेंज अकादमी के खिलाफ खेलेगी।

## एक नजर में

### कांड्रा बाजार में श्रीगणेश मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**गम्हरिया।** कांड्रा बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मोदक समाज की ओर से स्व विजय नंदी की पुण्य स्मृति में भगवान श्रीगणेश के मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास एवं भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। पंडित गौतम मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कराया गया। बताया गया कि इस मंदिर का निर्माण आगामी वर्ष गणेश पूजा से पूर्व पूरा कर लिया जायेगा। निर्माण के बाद मंदिर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मौके पर कांड्रा हनुमान मंदिर, काली पूजा कमेटी सदस्यों के साथ साथ कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केरला पब्लिक स्कूल में मना प्राइमरी दिवस समारोह




**जमशेदपुर।** केपीएस, कदमा में बुधवार को द्ववार्षिक प्राइमरी दिवस समारोह के दूसरे दिन कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति के मूल्यों पर आधारित बच्चों की कई प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मन मोह लिया। वार्षिक समारोह शिक्षकों, छात्रों और उनके परिवारों को शैक्षिक गतिविधियों, कलात्मक अभिव्यक्ति और भावनात्मक प्रदर्शनों से एक सूत्र में बांधने की एक उत्तम पहल की है। कार्यक्रम में 360 छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि हसन इमाम ने कार्यक्रम की भूरि झभूरि प्रशंसा की और कहा कि कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का एक उत्तम प्रयास साबित होगो कार्यक्रम का समापन छात्र उत्कर्ष निवास के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान से हुआ। मौके पर केरला पब्लिक स्कूल की अध्यक्षा महोदया मनोरमा नायर, निदेशक शरत चंद्रन और श्रीकांत नायर, पूर्व प्रधानाचार्या शांता वैद्यनाथन, शैक्षणिक निदेशका लक्ष्मी आर, रचना नायर, प्रधानाचार्या शर्मिला मुखर्जी, अलामेलु रविशंकर, संगीता सामंत व अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य पर उपस्थित थे।

### कई लाभुकों को नहीं मिल पा रहा मंईयां सम्मान योजना का लाभ, सौंपा गया ज्ञापन




**गम्हरिया।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से गम्हरिया अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सभी प्रकार के पेंशन से वंचित लोगों को यथाशीघ्र पेंशन भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई। प्रदर्शन के पश्चात, प्रतिनिधिमंडल द्वारा गम्हरिया के अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा दिये जा रहे मंइयां सम्मान योजना व अन्य सभी प्रकार का पेंशन पाने से काफी संख्या में लाभुक बंचित रह गए हैं। इस बाबत कई बार लाभुकों द्वारा कार्यालय का चक्कर लगाकर जानकारी मांगी गई। किन्तु, किसी भी कर्मचारी द्वारा उन्हें कोई सटीक जवाब नहीं प्राप्त हो सका है। ज्ञापन के माध्यम से मंइयां सम्मान व अन्य पेंशन योजनाओं के लिए फॉर्म भर चुके लाभुकों को जल्द पेंशन भुगतान प्रारम्भ करने, भीड़ को देखते हुए पर्याप्त कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर की कार्यालय में व्यवस्था करने, लाभुकों को सही जानकारी देने की मांग की गयी। मौके पर रैन कुमार सिंह, मुरारी शरण शर्मा, राम प्रताप सिंह, मौसमी मित्रा, मंजुला सिंह, सपन चक्रवर्ती, रंजीत कुमार समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में 13-14 दिसंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आगामी 13-14 दिसंबर को हारनेसिंग द पावर ऑफ एजुकेशन एंड अडॉप्ट ग्रीन विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश-विदेश से प्रतिभागी एवं वक्ता शिरकत कर रहे हैं। विभिन्न प्रांतों से सात एनजीओ भी पर्यावरण सम्बंधित अपने कार्यों को छात्रों से साझा करेंगे। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं के शिक्षाविद करेंग। इस दौरान 52 तकनीकी पेपर 7 सत्रों में प्रस्तुत किये जायेंगे सभी पेपर प्रजेंटर अपनी प्रस्तुति देंगे और अपने विचारों से समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करेंग। जिससे कि सभी लोग पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर एक रेफेरीड जर्नल एवं एक पुस्तक का लोकार्पण किया जायेगा, जिसमें अनेक शोधार्थियों और शिक्षाविदो के शोध आलेख हैं। सभी शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले शोधकताओं को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ मोनिका उप्पल ने कार्यक्रम की रुपरेखा बतायी। डी.बी.एम.एस. कॉलेज के चेयरपर्सन ललिता चंद्रशेखर, अध्यक्ष बी.चंद्रशेखर, सचिव प्रिया धर्मराजन , सह-सचिव सुधा दिलीप ,गवर्निंग बॉडी सचिव सतीश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया कन्वेनर तथा प्राचार्या डॉ.जूही समर्पिता ने बताया कि लौहनगरी में पहली बार पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित अन्तराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हो रहा है।

## चंदवा: एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति ने अपनी मांगों को लेकर किया रोषपूर्ण प्रदर्शन व अंचल घेराव

# सड़क किनारे लगे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर जताया आक्रोश

- **बाजार मूल्य के अनुरूप मुआवजा, जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार की रखी मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कुडू से उदयपुरा तक फोरलेन निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों ने जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार व बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा समेत अन्य मांगों को लेकर एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को चंदवा में रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अंचल घेराव किया। इसके पूर्व चंदवा जिला परिषद प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया तत्पश्चात सैकड़ो की संख्या में प्रभावित हो रहे रैयत जुलूस निकालकर इंदिरा गांधी चौक होते अंचल कार्यालय पहुंचे, जहां रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को रखा। अंचल घेराव कार्यक्रम की अगुवाई समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सोनी, सचिव सत्येंद्र यादव, मुख्य संरक्षक रामयश पाठक कर रहे थे। जबकि रैयतों एवं समिति के समर्थन में जिप अध्यक्ष पूनम देवी, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, हेरहंज जिप सदस्य चंचला देवी, सासंग मुखिया पुष्पा देवी भी मौजूद थी। अंचल घेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के रामयश पाठक, जयप्रकाश सोनी व सत्येंद्र यादव ने कहा कि एनएच एआई के द्वारा फोर-लेन हेतू भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। लेकिन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण भूमि में काफी त्रुटियाँ हुई है। रैयतों का जमीन इधर का उधर हो गया है। जिससे रैयतों को त्रुटियों में सुधार करने के लिए काफी परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में रैयतों के द्वारा अंचलाधिकारी एवं उपायुक्त को ज्ञापन देने के बावजूद भी भूमि की त्रुटियों को सुधार नहीं की गई और एनएचएआई विभाग के ठिकेदार के द्वारा जबरदस्ती कार्य किया जा रहा है। प्रभावित ग्राम सिकनी में सड़क की चौड़ाई कम थी, जिसे हाल सर्वे नक्शा में काफी दिया गया, जिस कारण रैयतों के भूमि का रकबा कम हो रहा है। वर्तमान में विभाग के द्वारा प्रभावित हो रहे गांव का भूमि का मुआवजा निर्धारित किया गया है वह बाजार मूल्य से काफी कम है, अगर बाजार मूल्य के हिसाब से मुआवजा नहीं मिला तो रैयतों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### प्रशासन व एनएचएआई विभाग को प्रभावित हो रहे रैयतों की समस्याओं को सुनना होगा : पूनम-सरोज



प्रदर्शन करते समिति के लोग।



अंचलाधिकारी को आवेदन सौंपते लोग।

वहीं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व सरोज देवी ने प्रभावित हो रहे रैयतों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि प्रशासन व एनएचएआई विभाग को प्रभावित हो रहे रैयतों की समस्याओं को सुनना होगा। हम सभी विकास के पक्षधर हैं, लेकिन विकास के नाम पर पुर्वजों द्वारा बचाई गयी जमीन को कूड़े के भाव मे लूटने नही देंगे। वही फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के द्वारा एनएच किनारे के बड़े पेड़ों की की जा रही कटाई पर भी कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि पहले जितना पेड़ काटा जा रहा है उसके अनुपात में 10 गुना पेड़ लगाया जाए।

### अंचलाधिकारी को उपायुक्त के नाम सौंपा गया 4 सूत्री मांग पत्र

इधर अंचल घेराव व रोषपूर्ण प्रदर्शन के पश्चात एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति के द्वारा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक को उपायुक्त के नाम 4 सूत्री मांग पत्र सोपा गया। मौके पर फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे सिकनी, सासंग, नेवाड़ी, लटदाग, एटे, रुद, चिरो, टूढ़ामू, लुकुईया, बोरसीदाग, हुटाप, अमझरिया, पिरदाग, सेन्हा के सैकड़ो प्रभावित रैयत शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### कबरी-कोटाम सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन ठप



क्षतिग्रस्त सड़क।

**गारु।** प्रखंड के कोटाम पंचायत स्थित कबरी कोटाम मुख्य मार्ग में पुलिया के समीप सड़क टूट जाने के कारण पूरी तरह से आवागमन ठप हो गया है। जिसके कारण लोगों को चार किलोमीटर ज्यादा दूरी तय करना पड़ है। बता दें की कोटाम से कबरी की दूरी महज दो सौ मीटर है, और कबरी -कोटाम मुख्य मार्ग कट जाने के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। पुल के पास रोड टूट जाने के कारण अनजान लोगों का हमेशा दुर्घटना घट रही है। लेकिन इस मामले की ओर किसी की भी नजर नहीं जा रही है ।इस संबंध में कबरी निवासी शाह आलम, शकील खान, छोटू खान, विकाश कुमार ने बताया कि कबरी कोटाम मुख्य मार्ग कट जाने के कारण लोगों को परेशानी तो हो ही रही है। साथ ही साथ दुर्घटना होना आम बात हो गया है। हाल फिलहाल में आज कल ही मोटरसाइकिल सवार गढ़े में गिर गया था ।लेकिन किसी को कोई खाश चोट नहीं आई। लेकिन अगर इस सड़क का जल्द मरम्मत नहीं हो तो जल्द ही बड़ी घटना हो सकती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ताकी कोई बड़ा हादसा न हो।

### पांच वर्षीय बच्चा घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के तसतबार ग्राम में बुधवार को गर्म पानी से झुलस कर एक पांच वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार 5 वर्ष पिता राजेंद्र भुइयां ग्राम तसतबार थाना बालूमाथ निवासी खेल रहा था। जहाँ खेलने के दौरान चूल्हे में चढ़ा गर्म पानी उसपर गिर गया। जिससे बच्चा घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ बालू पथ परओल्हे पाठ ग्राम के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर मुकेश पासवान 30 वर्ष पिता महेंद्र पासवान ग्राम गढ़वा गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुकेश पासवान की पत्नी को दी ।पत्नी द्वारा मौके पर पहुंचकर पति मुकेश पासवान को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि मुकेश पासवान का ससुराल बड़का बालूमाथ में है और वह अपने ससुराल में ही रहकर मोटरसाइकिल से कोयला बेचने का कार्य करता था। बुधवार को वह मसीयातु से कोयला बेचकर वापस आ रहा था। इसी बीच संतुलित होकर गिर गया।

### एकल नारी सशक्ति संगठन ने 20 नारियों के बीच किया कपड़ा का वितरण

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत नेवाड़ी गांव में स्वर्ण संस्था के तत्वाधान में एकल नारी सशक्ति संगठन चंदवा के द्वारा मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की सहयोगी इंद्रावती देवी एवं अन्य के द्वारा गांव की 20 एकल नारियों के बीच साड़ी व कपड़ा का वितरण किया गया साथ ही मौलिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई। इंद्रावती देवी ने कहा कि संविधान से देश के प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार प्राप्त है जिसकी जानकारी सभी को होनी चाहिए। जब तक हम सभी अपने अधिकारियों के प्रति जागरूक नहीं होंगे तब तक शोषण का शिकार होते रहेंगे। मौके पर संगठन की कई महिलाएं समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### चालान फेल होने के बावजूद परिवहन कर रहा हाईवा धराया

**बालूमाथ।** माइनिंग चलान का समय अवधि फेल हों जाने के बाद भी परिवहन करते एक कोयला लोड हाईवा को लातेहार जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने को जप्त किया है। जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बताया कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में कार्रवाई करते हुए बालूमाथ में कोयला लदे हाईवा, ट्रक एवं बालू लदी गाड़ी को जांच किया गया। जिनमे कई वाहन के संचालकों को पेपर प्रस्तुत करने को कहा गया है। वही माइनिंग चालान का समय फेल होने के बावजूद कोयला ढुलाई का कार्य कर रहे हैं एक हाईवा ओडी 09 पी 6923 को जब्त किया गया। डीएमओ ने बताया कि अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन किसी भी परस्थिति में नहीं होने दिया जायेगा। वही इस कार्रवाई में जिला खनन पदाधिकारी मो नदीम सैफी के साथ खान निरीक्षक पद्मलोचन ओहदार शामिल थे।

### मंदिर पर चोरो की बुरी नजर, उमवि रखात में ताला तोड़कर चोरी

**चंदवा।** शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय को भी अब चोर निशान बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। चोरों के द्वारा विगत लंबे समय से प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ताजा मामला प्रखंड के चेटर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रखात का है जहां मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की भनक बुधवार की सुबह विद्यालय प्रबंधन को समय हुई मंगलवार को विद्यालय खुला तो पाठशाला का ताला टूटा मिला। ताला टूटा देखा तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिलियानुस मिंज ने इसकी सूचना मुखिया को दी व मामले को लेकर उन्होंने चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया है कि चोरों के द्वारा विद्यालय से एमडीएम का लगभग 2 क्विंटल चावल और 25 किलो मसूर दाल की चोरी की गई है।

### सीआरपीएफ डी/11 ने विद्यालयों समेत आसपास के क्षेत्रों में चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान चलाती सीआरपीएफ।

- **छात्र छात्राओं व ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के लात पंचायत अंतर्गत टोंगारी में अवस्थित सीआरपीएफ डी/11 बटालियन ने बुधवार को कंपनी कमांडेंट याद राम बुनकर के निदेर्शानुसार स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया। इस दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने कंपनी कमांडर वेद प्रकाश के नेतृत्व में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जूरी महुआ (टोंगारी) में स्वच्छता अभियान चलाकर बच्चों से अपने आस पास पड़ोस को स्वच्छ रखने की अपील किया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर की सफाई की गई और स्वच्छता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। यह पहल सीआरपीएफ की जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना की और इसे सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जहां कंपनी कमांडर वेद प्रकाश ने बताया कि सीआरपीएफ की इस तरह की पहल न केवल स्वच्छता और जागरूकता फैलाने का माध्यम बनती है। बल्कि सुरक्षा बलों और आम जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने का भी कार्य करती है। सफाई अभियान में सहायक उपनिरीक्षक माला बैठा, उपनिरीक्षक मधुकर थोसार, बिक्रम प्रताप सिंह, प्रियम कुमार, पंकज गुप्ता, रामकुमार पाठक, सौरभ कुमार, प्रकाश ठाकुर और रमेश कुमार सहित अन्य जवानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### बीडीओ ने की कब्रिस्तान चहारदीवारी योजना की जांच

## अनियमितताओं का मामला उजागर भेजी जाएगी रिपोर्ट: रेशमा रेखा मिंज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत पहड़तल्ली स्थित कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण योजना में कथित अनियमितताओं की जांच को लेकर बुधवार को बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने स्थल का निरीक्षण किया। इस योजना को लेकर जिप सदस्य संतोषी शेखर ने जिला परिषद की फरवरी माह की बैठक में गंभीर आरोप लगाए थे। आरोप था कि चारदीवारी निर्माण योजना अधूरी होने के बावजूद गेट लगाकर इसे पूर्ण दिखाने का प्रयास किया गया। साथ ही योजना को मंजूरी दिलाने के लिए दूसरे पंचायत की फर्जी ग्राम सभा का सहारा लिया गया। यह मामला जिला कल्याण विभाग के संज्ञान में आया लेकिन विभाग ने अपने जवाब में बताया कि यह योजना कल्याण विभाग से स्वीकृत नहीं थी। जिप सदस्य ने इस जवाब पर असंतोष जताते हुए मामले की पुनः जांच की मांग की थी। इसके बाद बीडीओ के माध्यम से जांच कराई गई। जिसमें खुलासा हुआ कि योजना आईटीडीए के माध्यम से संचालित हो रही है। हालांकि, जांच में यह भी सामने आया कि चहारदीवारी का निर्माण अधूरा है। जबकि गेट पहले ही लगा दिया गया है। ग्राम सभा के फर्जी होने के आरोपों की जांच अभी जारी है, और जल्द ही इसकी रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। संतोषी शेखर ने कहा कि कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं में लूट और भ्रष्टाचार का खेल लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच के नाम पर फर्जी रिपोर्ट तैयार कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। संतोषी शेखर ने चेतावनी दी कि इस मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बीडीओ ने बताया कि जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए हैं।



जांच करती बीडीओ रेशमा रेखा मिंज।

उनकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। ग्राम सभा और अन्य मुद्दों की जांच के बाद उच्च अधिकारियों को सूचना दी जाएगी। उधर जानकारी मिली है कि चहारदीवारी निर्माण में फजीर्वाड़ा किए जाने के बाद एक बार फिर उसे पूरा करने के लिए की नई योजना बनाई जा रही है।

## एक नजर में

### भाजपा नेताओं ने सीओ से की चौक - चौराहों पर अलाव की मांग, सौंपा ज्ञापन



सीओ को आवेदन सौंपते भाजपाई।

**बरवाडीह।** बढ़ती ठंड और गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए भाजपा नेताओं ने बुधवार को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में बरवाडीह अंचल अधिकारी को आवेदन सौंप क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है। विकास सिंह ने आवेदन में उल्लेख किया कि वर्तमान में ठंड अपने चरम पर है, जिससे आमजन, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद लोग, प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बरवाडीह के विभिन्न चौक-चौराहों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार क्षेत्र और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोग ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से लकड़ी और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर अलाव शुरू करवाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। वहीं मौके पर मौजूद व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने भी अंचलाधिकारी से अविलंब अलावा गिराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस कदम से न केवल ठंड से बचाव होगा, बल्कि जरूरतमंद लोगों को भी सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 12 लाभुकों के बीच बकरा व बकरी हुआ वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थिति पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना 90 प्रतिशत एवं 75 प्रतिशत अनुदान के तहत 12 लाभुकों के बीच प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने चार बकरी तथा एक बकरा का वितरण गया। जिसमे बारियातु, गोनिया, टोटी व डाढ़ा इन सभी पंचायतो के लाभुको को इस योजना का लाभ दिया गया। वही प्रखण्ड प्रमुख प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा की मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आज 2024 -25 के तहत स्वीकृत 12 लाभुकों को 4 बकरी 1 बकरा एवं इसके साथ मे रोग से बचाव के लिए दवा का भी वितरण किया गया है। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे तथा बिनोद बैठा ने कहा की आशा है कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे। और बकरी बकरा को अच्छा से रख रखाव, खान पान करेंगे। इसके उपस्थित लाभुकों को साथ मे इस कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं रख रखाव का सुझाव भी दिया गया। मौके पर कई लाभुक मौजूद थे।

### नगर पंचायत ने की 349000 रू. राजस्व की वसूली

**लातेहार।** नगर पंचायत के द्वारा होल्डिंग टैक्स में विगत दो दिनों में 212000 रूपये एवं जल कर 133557 रूपये साथ ही अन्य कर सहित 349000 रूपये वसूली की गई है। नगर पंचायत लातेहार के द्वारा समय-समय पर जिन लोगों ने अभी तक होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है उन लोगों को नोटिस दिया गया है तथा और जितने भी बकायदार हैं उन लोगों को भी नोटिस देने की तैयारी की जा रही है। आम लोगों से अनुरोध है कि होल्डिंग टैक्स जमा करें तथा नोटिस जैसे प्रक्रिया से बचे। होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत लातेहार के द्वारा एसएसपीएल के टीम लीडर आदित्य कुमार एवं टी.सी बिरसा उरांव के द्वारा बड़े बकायदार का सूची भी तैयार की जा रही है। साथ ही साथ वैसे व्यापारिक प्रतिष्ठान जिन्होंने अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है वे अब विलंबित ट्रेड लाइसेंस लेना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा संबंधित प्रतिष्ठान को सील करने की प्रक्रिया की जाएगी।

### मनिका प्रखंड में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का दिन बुधवार को लातेहार जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त श्री गुप्ता ने मनिका प्रखंड स्थित डिग्री महाविद्यालय, मॉडल विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मध्य विद्यालय सिंजो, आंगनबाड़ी केंद्र सिंजो एवं कल्याण गुरुकुल मनिका का निरीक्षण कर वहां के सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। जिसके बाद एजामाड़ गांव में संचालित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला में लगाए गए फसल एवं मुर्गी पालन समेत इत्यादियों की जानकारी लिया,इस दौरान उन्होंने एनजीओ के द्वारा लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां पर साइकिल वितरण से लाभान्वित छात्र-छात्राओं से उन्होंने मुलाकात किया और विद्यार्थियों से स्कूल में पढ़ाई एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया। मौके पर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि आज पूरी टीम के साथ क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया है।

### अवैध रूप से संचालित ईट भट्टो पर होगी सख्त कानूनी कारवाई : सीओ

**बरवाडीह।** बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित सभी अवैध ईंट भट्ठों पर कारवाई करने के निर्देश जारी कर दिए है। अवैध भट्ठों पर कठोर कार्रवाई हेतु संबंधित कर्मियों व चौकीदारों को भी निर्देशित कर दिया गया है। सीओ ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में जहां-जहां अवैध रूप से ईंट निर्माण के लिए मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। उन सभी बंगला व चिमनी ईंट भट्ठों की सूची दो दिनों के अंदर अंचल कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं उन्होंने अवैध भट्ठों के संचालन से सम्बंधित जानकारी भी उपलब्ध कराने की बात कही है। जिसमें ईंट निर्माण निजी कार्य या अन्य प्रयोजन हेतु किया जा रहा है। अब तक बंगला ईंट भट्टे में कितनी ईंटों का निर्माण हुआ है। ईंट निर्माण स्थल की भूमि से संबंधित वैध दस्तावेज और ईंट पकाने में उपयोग किए गए कोयला खनिज से संबंधित सभी वैध कागजात दिखाने के निर्देश दिए है। सीओ ने भट्ठा संचालकों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त बिंदुओं का बिंदुवार प्रतिवेदन तत्काल अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराएं। उक्त जानकारी के आधार पर अवैध ईंट-भट्ठों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रांसमिशन लाइन का हाईटेंशन टावर काटते 5 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, गये जेल

# 4 पिकअप, 20 ऑक्सीजन सिलेंडर, 7 गैस कटर व भारी मात्रा में लोहा एंगल बरामद



गिरफ्तार चोर।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा में चोर गिरोह एवं स्क्रैप माफियाओं के द्वारा अभिजीत पावर प्लांट से लोहा स्क्रैप व थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ट्रांसमिशन लाइन के डेड पड़े हाइटेंशन टावर को काटकर बेचे जाने का सिलसिला धड़ल्ले से जारी है। जिस पर लगाम लगाना पुलिस के लिए मुश्किल साबित हो रही है। चोरो के दुःसाहस का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार पुलिस की बड़ी कार्रवाई के बावजूद चोरी थमने का नाम नही ले रही हैं। मंगलवार की रात्रि भी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के एकमहुआ गांव के समीप ट्रांसमिशन लाइन के डेड हाईटेंशन टावर को काटकर चोरी किये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने टावर को काटकर चोरी करते चोर गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ लिया। दरअसल एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि संगठित आपराधिक गिरोह के द्वारा टावर की कटिंग की जा रही है। सूचना के आलोक में छापामारी दल एकमहुआ के समीप पहुंची जहां 5 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। जबकि चोर गिरोह के कई लोग पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पूछताछ के क्रम में पकड़े गए लोगो ने अपना नाम राहुल ठाकुर पिता मनोज ठाकुर (रूद गोली चंदवा), समीर खान पिता इजाबुल खान (कुजरी चंदवा), मंगल देव उरांव पिता रति उरांव व फुलदेव उरांव पिता स्व मंगरा उरांव (दोनो चितरपुर बालूमाथ) व संगू भुइयां पिता कुंजु भुइयां (डेमटोली चंदवा) बताया।

### ये समान हुआ है बरामद

छापामारी अभियान के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा चार पिकअप जेएच -01-डीपी-4265, जेएच-01एएन-1816, जेएच-05-सीवाई-6476 व जेएच-01-बीई-0620, पिकअप जेएच -01-डीपी-4265 से लगभग डेढ़ टन लोहा एंगल, पिकअप जेएच-01एएन-1816 पर 7 पीस गैस कटर पाइप सहित, 20 ऑक्सीजन सिलेंडर, घटना स्थल पर लगभग एक टन टावर का एंगल जब्त किया गया है।

### छापामारी अभियान में ये थे शामिल

छापामारी अभियान में पुअनि श्रवण कुमार, सअनि अरविंद सिंह, अंजन कुमार राय, सैट-44 चंदवा पुलिस बल के जवान शामिल थे। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 197/24 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

### सीनियर जिला क्रिकेट लीग का हुआ उद्घाटन

**लातेहार।** लातेहार जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन 11 दिसंबर 2024 को जिला खेल स्टेडियम में किया गया। उद्घाटन के अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, तथा संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बल्लेबाजी कर किया। मौके पर श्री कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने खेल को ईमानदारी पूर्वक प्रदर्शन करें तो खेल में भी अपना भविष्य तथा रोजगार के साधन तलाश सकते हैं। श्री सिंह ने बताया कि जिला भर के खिलाड़ी क्रिकेट में बेहतर करें इसके लिए संघ बेहतर कार्य कर रहा है। मौके पर उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, बिष्णु देव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, अश्विनी सिंह, प्रमोद प्रसाद, आनंद सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, रवि सिंह, शैलेश सिंह, रविंद्र सिन्हा, जुनैद समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया।

### छात्रों के बीच किया शिक्षण सामग्री का वितरण व जैविक खेती से होने वाले लाभ के बारे में दी जानकारी

**लातेहार।** मंगलवार को जिला मुख्यालय अंतर्गत ईचाक पंचायत के ऊपरलोटो ग्राम में साथ ही बिते रविवार को मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत में समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पुणे की ओर से छात्रों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। एक दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों छात्रों को नि:शुल्क शिक्षण सामग्री जैसे स्कूल बैग, नोटबुक ड्राइंग किट आदि सामग्री वितरण की गई। सामग्री मिलने के बाद छात्र उत्साहित दिखे। कार्यक्रम में कंपनी के नॉर्थ जोन प्रबंधक सौरभ कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी, रविंद्र कुमार सिंह, रूपेश कुमार ठाकुर और प्रकाश यादव ने छात्रों व अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा क्षेत्र में प्रेरित करने के साथ-साथ समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ईचाक पंचायत की उपमुखिया सरोज उराव, वार्ड मंजू देवी समेत अनेक किसान उपस्थित रहे। सभी उपस्थित किसानों ने कंपनी द्वारा स्थानीय समुदाय और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समृद्धि ऑर्गेनिक फार्म के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांतजी मोरनकर के कुशल नेतृत्व में कंपनी सामाजिक कल्याण के लिए कई प्रभावी गतिविधियाँ संचालित कर रही है।

# विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के चुनाव को लेकर झड़प

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कदवा गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के चयन को लेकर इस विद्यालय में लगातार तीसरी बार भी विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन नहीं हो पाया। बताते चलें कि चिट्ठी के अनुसार पूर्व में जो सदस्य एवं अध्यक्ष बन चुके हैं, वैसे लोगों को नहीं चुनना है। प्रबंधन समिति का गठन करने के लिए धुरकी प्रखंड के बीआरसी से प्रेक्षक गुलाम सरवर एवं प्रकाश मिश्र, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव वहीं धुरकी थाना के एएसआई अजय कुमार के मौजूदगी में प्रबंधन समिति का चयन को लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता से चयन करने की बात आई तो पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने प्रेक्षक को गाली गलौज देने लगे। धुरकी बीआरसी से भगाने की भी धमकी देने लगा। जबकि प्रेक्षक गुलाम सरवर ने बताया कि जो प्रबंधन समिति का सदस्य पूर्व से इस विद्यालय में हैं वैसे व्यक्ति को चयन नहीं करना है। अभिभावक ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेलने का काम कर रहे हैं।

# सांसद पप्पू ने रेलवे कनेक्टिविटी और बंद ट्रेनों को लेकर केंद्र सरकार से की मांग

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान रेलवे कनेक्टिविटी और कोरोना के समय बंद की गई पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन को फिर से शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद बिहार में एक भी पैसेंजर ट्रेन पुनः चालू नहीं की गई है। सांसद ने कहा कि बिहार के कोसी-सीमांचल क्षेत्र, जो हर साल बाढ़ की चपेट में आता है, वहां रेलवे कनेक्टिविटी बेहद सीमित है। उन्होंने विशेष रूप से कुसेर्ला- बिहारीगंज- भीमनगर, शिवहर- सीतामढ़ी, और बोधगया- राजगीर-वैशाली जैसी महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का जिक्र किया, जिन पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। सांसद ने बताया कि कुसेर्ला-बिहारीगंज-भीमनगर रेल परियोजना के लिए घोषित 190 करोड़ रुपये अब तक जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इन रेल लाइनों पर कार्य तुरंत शुरू किया जाए, क्योंकि बिहार का आधार पर्यटन और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का विकास है। रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने सांसद पप्पू यादव की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी रेलवे के क्षेत्र में गहरी समझ की सराहना की। मंत्री ने कहा, आप रेलवे के अच्छे जानकार हैं। कृपया और भी बेहतर सुझाव दें। हम आपके साथ मिलकर बिहार को मजबूत और सशक्त बनाएंगे।

## खबर एक नजर में

### राजद सुप्रीमो के बयान पर जदयू महिला प्रकोष्ठ का प्रतिरोध मार्च

**पटना।** बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ ने राजद सुप्रीमो के बयान विरोध में बुधवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय, पटना से इनकम टैक्स चैराहा तक प्रतिरोध मार्च निकाला। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलायें इसमें शामिल हुई एवं लालू प्रसाद यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता ने कहा कि 7 बेटियों के पिता लालू प्रसाद यादव के महिला संवाद यात्रा के संबंध में दिये गये अपमानजनक बयान से बिहार की बेटियां आहत हैं। लालू को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उनके बयान से महिलाओं के प्रति राजद की असली सोच उजागर हुई और प्रदेश की महिलायें किसी भी सूरत में इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी। चुनाव दर चुनाव में प्रदेश की महिलाओं द्वारा नकारे जाने की पीड़ा और बेचैनी में अब लालू प्रसाद यादव महिलाओं का सम्मान करना तक भूल चुके हैं। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, प्रदेश महासचिव किरण रंजन, प्रदेश सचिव रीना चौधरी और नेहा निसार सैफी सहित प्रकोष्ठ की कई पदाधिकारी एवं कार्यक्रता मौजूद रहीं।

### मनरेगा कार्यालय हमेशा बंद रहने पर ग्रामीण मजदूरों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

**सहरसा।** जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड के मनरेगा कार्यालय पर बुधवार को काम मांगने पहुंचे जमालनगर पंचायत के करीब आधे दर्जन मजदूरों ने मनरेगा कार्यालय को बंद देखकर आक्रोशित होकर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और कार्यालय से अनुपस्थित मनरेगा कर्मी के विरोध में लिखित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को देकर उचित कार्यवाही की मांग की। जमालनगर पंचायत के लालपुर गांव निवासी प्रदर्शनकारी मजदूर सुमित्रा देवी ने बताया कि नौ माह पूर्व पंचायत रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार से 82 मजदूरों द्वारा काम मांगा गया था और कुछ नए मजदूरों का जॉब कार्ड बनाने को कहा गया। लंबे समय बीतने के बाद जब मजदूर को काम नहीं मिला तो बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच गए लेकिन कार्यालय में ताला बंद देखकर भड़क कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। मजदूरों ने बीडीओ को पीआरएस और पीओ के विरोध में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन में कहा है कि जन जागरण शक्ति संगठन की ओर से 82 मजदूरों को काम देने के लिए मार्च 2024 को आवेदन पीआरएस को दिया था लेकिन 9 माह बीतने के बाव्द न तो मजदूरों को काम दिया गया न ही नई जॉब कार्ड बनाया गया, जिसकी शिकायत कार्यक्रम पदाधिकारी बनमा ईटहरी से भी किया गया था लेकिन पीओ द्वारा टाल मटोल किया जाता रहा। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर होने के कारण मजदूर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर वापस चला जाता है, क्योंकि हर दिन मनरेगा कार्यालय बंद रहता है। मनरेगा का कार्यालय जिला मुख्यालय स्थित बंफर चौक पर चलाया जाता है, जहां योजना के संलिप्त बिचौलिए ही पहुच पाते हैं। आम मजदूर को पहुंचना टेठी खीर है।चुकी एक व्यक्ति को जिला पहुंचने में करीब डेढ़ सौ रुपए किराए पर खर्च होता है।

### लालू यादव के बयान से आधी आबादी आहत: श्रवण कुमार

**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिला संवाद यात्रा को लेकर लालू प्रसाद यादव के दिए गए बयान को अशोभनीय और निंदनीय करार दिया। मंत्री ने जदयू कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव की ओछी टिप्पणी से प्रदेश सहित पूरे देशभर की आधी आबादी का अपमान हुआ है और महिलायें कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए विपक्षी गठबंधन में दबाव की राजनीति चल रही है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि महागठबंधन में शह-मात का खेल चल रहा है। सत्ता की महत्वाकांक्षा में सभी घटक दल एक-दूसरे की पैर खींच रहे हैं और प्रदेश की जनता भी उनके इस खेल को बखूबी समझ रही है। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में सफाया होना तय है।

### रोहतास में सड़क दुर्घटना में भाई-बहन की मौत

**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क दुर्घटना में भाई–बहन की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खुरमाबाद गांव निवासी सैयद हसन (18)अपनी बहन को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था।इसी दौरान जीटी रोड स्थित टेकरी ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में भाई–बहन की मौत हो गई।

### सारण : रेस्टोरेंट में छापामारी कर आपत्तिजनक सामग्री तथा शराब बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट में छापामारी कर आपत्तिजनक सामग्री एवं शराब बरामद की गयी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि दिल्ली से आयी एक रेस्क्यू टीम ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) बसंती टूडू के साथ मिलकर डुमरसन बाजार स्थित लखनपुर गोलम्बर के समीप नित्या फैमली एवं औगौरा रेस्टोरेंट में यह छापेमारी की। अवैध गतिविधि की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। छापामारी में मिशन मुक्ति फाउंडेशन की टीम दिल्ली के विरेन्द्र कुमार सिंह, अक्षय पांडेय, नारायणी सेवा संस्थान के अखिलेंद्र सिंह, सारण ट्रैफिक डीएसपी समेत भारी पुलिस बल मौजूद थी।

# दिनेश कॉलेज में भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन



उपस्थित प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्षा में बुधवार को दो दिवसीय भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के विभिन्न प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने चार्ट और मॉडल के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के भाषा एवं भाषायी विभिन्नता इत्यादि को प्रस्तुत किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया और कहा कि किसी मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से ही होती है। सहायक प्राध्यापक जनार्दन शुक्ला ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अमृता, अंजलि, मिथिलेश, शुभम, शाहिद, नेहा, सुप्रिया, श्वेता, संदीप इत्यादि ने शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर सहायक प्राध्यापको में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा बीडीओ सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने सरकार के महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजनाओं की वृहद समीक्षा को लेकर पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मईयां सम्मान योजना की वृहद समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास की धीमी प्रगति होने के कारण पंचायत सचिवों को स्पष्टीकरण निर्गत किया। इसके अलावा ब्लक को-आर्डिनेटर रशीद अंसारी को भी स्पष्टीकरण निर्गत करते हुए दो दिनों के अंदर सभी लंबित रजिस्ट्रेशन और सैंक्शन योजनाओं को शून्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस लाभुक का योजना सैंक्शन हो गया है उन लोगों को यथाशीघ्र पहले किस्त कि राशि उपलब कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजना में यदि विलंब पाया गया तो इसे भ्रष्टाचार माना जाएगा। कहा की वर्तमान में मईयां सम्मान योजना में बरडीहा प्रखंड में अभी भी 1400 लाभुकों का आवेदन पंचायत सचिवों के पास सत्यापन के लिए लंबित हैं। इसे एक सप्ताह के अंदर सत्यापित करने का निर्देश दिया। साथ ही मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के सभी अभिलेख सुरक्षित रखने के निर्देश दिया। साथ ही मईयां सम्मान योजना के लाभुकों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

# नाबालिग लड़की को विशेष समुदाय के युवक ने भगाया, प्राथमिकी दर्ज

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत पुरहे पंचायत क्षेत्र से एक 17 वर्षीया नाबालिग लड़की अर्चना कुमारी (काल्पनिक नाम) को विशेष समुदाय के एक युवक के द्वारा भगा कर ले जाने का आरोप लड़की की मां ने लगाई है। वहीं मां के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने थाना कांड संख्या 121/2024 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। अर्चना कुमारी की मां ने लिखित आवेदन के माध्यम से बताई है कि 9 दिसंबर को समय करीब 1:00 बजे रात्रि में मेरी बेटी जिसका रंग गोरा लंबाई लगभग 5 फीट और शरीर का बनावट मोटापा है। लड़की उजाला सूट काला पजामे पर में जुती पहनी हुई है जो घर से बिना कहे पुछे चली गई है। जबकि मेरी लड़की मोहम्मद आलम जो पिता का नाम मालूम नहीं है ग्राम प्रतिहारी, थाना बिशनपुरा (नगर) गढ़वा निवासी के साथ पहले से ही बात विचार करते रहती थी। मेरे घर में मोबाइल था फिर भी मोबाइल को छुपा कर रखी थी मेरे पति के पास मोबाइल था जिसका नंबर है। जबकि पूर्व में मोहम्मद आलम के साथ कहीं चली गई थी मुझे पूरा शक है कि इस लड़का के साथ मेरी बेटी गई है। इधर परिजनों से ही मिली जानकारी के अनुसार लड़की का कहना था कि जब पहले भागी तो मैं उक्त लड़के के साथ निकाह कर ली हूं। इसलिए हम सबों का शक है कि वह लड़की उसी के साथ जाकर रह रही है। इसलिए न्याय के लिए गुहार लगा रही हूं। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि लड़की के मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर 10 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच प्रक्रिया के साथ लड़की की खोजबीन किया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम का निर्देश

**अररिया।** समाहरणालय परिसर में डीएम अनिल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें कुहासा को लेकर दुर्घटना से बचाव को लेकर सभी थानाध्यक्ष एवं टोल प्लाजा के प्रबंधक को डीएम द्वारा निर्देश दिया गया है कि टोल पार करते वक्त वैसे सभी वाहन जिनके आगे पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं है, उस पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाया जाए। प्रायः ट्रैक्टर, टेंपो, ट्रक एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। डीएम और एसपी ने मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, यातायात निरीक्षक एवं सभी थानाध्यक्ष को इसको कड़ाई से अनुपालन कराने हेतु निर्देश दिया गया। एनएचएआई, आरसीडी, ग्रामीण कार्य विभाग को सड़क पर साइनेज बोर्ड, व्हाइट स्ट्रिप्स एवं रिफ्लेक्टर को लगाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही व्हाईट मार्किंग को नियमित रूप से साफ कराने हेतु डीएम द्वारा निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले के अंदर सभी अवैध कट को चिन्हित कर लिया गया है। एनएचएआई,आरसीडी एवं सभी को अवैध कटों को बंद करने का भी बैठक में निर्देशित किया गया।

# भाषाएं अनेक भाव एक : सेक्रेटरी

## भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन




कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रेहला स्थित एसबी पाण्डेय सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को एक सप्ताह से चल रही भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सेक्रेटरी वीएनएस पिल्लई ने कहा कि महाकवि सुब्रामण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी लोग सभी भाषाओं का सम्मान करें। भाषा अनेक है लेकिन भाव एक है। उन्होंने कहा कि लोगों को मतृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषा का भी ज्ञान होना चाहिए। मौके पर प्रो. संजीव कुमार पाण्डेय, शशि कान्त पाण्डेय, आनंद यादव, गरिमा यादव, सत्यवती तिवारी, रुपेश तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मानित करते पदाधिकारी

**गढ़वा।** प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया करमटोली रांची के सभागार में फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फेडरेशन 8 के सभी ग्रुप के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य ने भाग लिया। इस दौरान ग्रुप द्वारा पूरे साल किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही नए वर्ष में पीड़ित मानवता की सेवा में पूरे दम खम से सेवा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सेंट्रल कमेटी के सदस्य विनोद कपूर, अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के सदस्य डॉ हरे श्याम, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष केएस शोखी, एससी जैन, संतोष जैन, विनोद कमलापुरी, आरके चौधरी एवं एमपी केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले सत्र में पास्ट प्रेसिडेंट फोरम की मीटिंग पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चर्चा हुई कि पास्ट प्रेसिडेंट के अनुभव का लाभ सभी ग्रुप को कैसे मिले। बैठक के उपरान्त सभी ग्रुप को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा को परमानेंट प्रोजेक्ट हर महीना के तीसरे रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल में होने वाले हृदय जांच शिविर के लिये एवं जायन्ट्स सेवा सप्ताह पूरे सप्ताह सेवा कार्य के लिए बेस्ट प्रोजेक्ट का अवार्ड मिला। गढ़वा ग्रुप एवं ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता को प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड एवं मोमेंटो सहित कुल चार अवार्ड प्राप्त हुए। मौके पर विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहित सभी ग्रुप के द्वारा किये गए सेवा कार्यो की सराहना की। फेडरेशन एनुअल कॉन्फ्रेंस में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा से ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी तथा फेडरेशन पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता सहित पांच सदस्यों ने भाग लिया।

## एक पेज का शेष

### केंद्र से बकाया वसूली का कानूनी विकल्प

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा। अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा। सभी पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे। आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोईया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहियाए जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जायेगी।

**कई बड़ी घोषणाएं :**अपने अभिभाषण में राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण देने सहित कई बड़ी घोषणाएं की। झामुमो ने चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया था कि राज्य सरकार की हर नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड में सभी विभागों में शीघ्र नियुक्तियां शुरू करेगी। किसानों को बिना ब्याज के कृषि ऋण मुहैया कराने को सरकार प्रतिबद्ध है। हो, मुंडारी, कुडुख व अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे। सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने को प्रतिबद्ध है। वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीन पर रह रहे परिवारों को मान सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा।

### 26000 आचार्यों के रिजल्ट पर रोक

एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेपीएससी के अध्यक्ष के पद पर जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। पवन कुमार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से कई नियुक्तियों पर असर पड़ रहा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि इस महत्वपूर्ण संस्था के अध्यक्ष का पद लगभग तीन महीने से रिक्त है। 11वीं से 13वीं जेपीएससी मेंस परीक्षा हो चुकी पर अध्यक्ष का पद खाली रहने की वजह से इंटरव्यू और रिजल्ट की प्रक्रिया बाधित हो रही है। जेपीएससी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने कोर्ट को बताया कि अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है और जल्द की अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जायेगी।

# सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई घायल



घायल को अस्पताल पहुंचाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना अंतर्गत मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क पर भंडरिया गांव के समीप नहर मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में जा टकराया। मामला मंगलवार की देर रात की है। मोटरसाइकिल पर सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी सोहन कुमार मेहता एवं मनीष कुमार मेहता पिता उदय मेहता के रूप में की गई। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस बुला कर दोनों भाई को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। जानकारी के अनुसार डॉ. वीर प्रताप सिंह ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# ड्यूटी के लिए कहे जाने पर सीएचओ ने दिया ट्रांसफर का आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एक स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित आकिारी को ड्यूटी करने की जनता की गुजारिश बहुत नागवार गुजरी। इस कारण उन्होंने जिला के मुख्य चिकित्सा पदाकिारी सह सिविल सर्जन से अपना स्थानांतरण अन्यत्र कर दिए जाने की गुहार लगाई है। यह मामला कांडी प्रखंड क्षेत्र के औरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह प्रसव केंद्र से जुड़ा हुआ है।



स्वास्थ्य उपकेंद्र

ज्ञात हो कि 36 पूर्व वर्ष 1988 में स्थापित इस स्वास्थ्य उपकेंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाकिारी-सीएचओ अनुराग लो का डेढ़ साल पहले पदस्थापन हुआ था। इसकी जानकारी ग्राम वासियों को संयोग वश उनके पदस्थापन के कई महीना के बाद कार्यालय सूत्रों से प्राप्त हुई थी। क्योंकि उनका एक दिन भी स्वास्थ्य केंद्र में आगमन नहीं हुआ था। बाद की अवि में भी उपकेंद्र में ना जाकर एक दो बार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में एवं लोकसभा, विानसभा चुनाव के दौरान ही मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए उनके दर्शन हुए थे। हाल फिलहाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र औरा में लगातार ताला लटके रहने की घटना सुर्खियां बनी।

इसके बाद विभाग ने केंद्र का ताला खोलने को लेकर पदस्थापित कर्मियों पर दबाव बनाया। जिसका नतीजा है कि करीब दो हफ्तों से ओपीडी अवि में कुछ घंटे के लिए इस उप केंद्र का ताला खुलना शुरू हुआ। जो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाकिारी को काफी नागवार गुजरा।

इस विषय में पदाकिारी की उपकेंद्र में अनुपस्थिति को लेकर जिला के मुख्य चिकित्सा पदाकिारी ड अशोक कुमार से बात की गई तो बताया गया कि सीएचओ ने अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने का अनुरो करते हुए उन्हें आवेदन समर्पित किया है। इसका मतलब यह हुआ कि सरकारी संस्थानों में पदस्थापित पदाकिारी व कर्मचारी अपने घर में बैठकर वेतन लेते रहें। लेकिन उनसे ड्यूटी करने की बात कोई नहीं कहे।

अगर ऐसा कहा जाएगा तो वह अपना ट्रांसफर करा कर वहां चले जाएंगे जहां उन्हें ड्यूटी नहीं करनी पड़े। लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से भुगतान होता रहे। इस विषय में शिवपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, नजमा बीवी, इसराइल अंसारी, नंदकुमार राम, सुरेंद्र यादव सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि यह सरकारी संस्थान केवल ताला बंद रखने के लिए नहीं खुला है। अगर यही रवैया रहा तो वे लोग शीघ्र ही इसकी लिखित फरियाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर करेंगे।

स्पीड न्यूज

### तकनीक कितनी ही बदल जाए पर अखबारों का कोई मुकाबला नहीं : रामबहादुर



**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने बुधवार को कहा कि लोगों तक समाचार पहुंचाने की तकनीक कितनी ही बदल जाए पर प्रकाशित अखबारों का फिलहाल कोई मुकाबला नहीं है। राय ने समाचारों की दुनिया में प्रौद्योगिकी के असर पर कहा कि आज जिस किसी के हाथ में मोबाइल है वह खबर लेने-देने का काम कर रहा है और एक तरह से पत्रकार हो गया है, लेकिन आज भी अखबार, पतला हो या मोटा, उसे पढ़ने का जो मजा है वह टीवी या मोबाइल के समाचार पढ़ने और देखने से नहीं मिलता।

### विश्व का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर ढाका

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बुधवार सुबह 9:10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। इस स्तर के साथ ढाका दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की सूची में तीसरे स्थान पर रहा। वायु गुणवत्ता और प्रदूषित शहर रैंकिंग में ढाका की हवा को बहुत अस्वास्थ्यकर के रूप में वगीकृत किया गया। पाकिस्तान का लाहौर और भारत का कोलकाता क्रमश: 320 और 285 के एक्यूआई के साथ सूची में पहले और दूसरे स्थान पर रहा।

### पाकिस्तान में 86 हजार सिम ब्लॉक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हाल ही में कम से कम 86 हजार मोबाइल फोन सिम को ब्लॉक किया गया है। इन सिम का इस्तेमाल राज्य विरोधी गतिविधियों में किये जाने का दावा किया गया है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार संसदीय सचिव साजिद मेहदी ने बुधवार को नेशनल असेंबली में आसिया नाज तनोली के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी खबरों के प्रसार के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण नोटिस के जवाब में जानकारी दी कि राज्य विरोधी गतिविधियों के लिए कम से कम 86 हजार सिम ब्लॉक कर दिए गए हैं।

### बीजापुर में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि मारे गये नक्सली के शव के साथ मौके से 9 एमएम. पिस्टल, जिन्दा आईईडी, 6 नग रिमोट स्विच एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में हंगामा

**एजेंसी**

- उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा विपक्ष : रिजिजू
- संविधान को बदलना चाहता है सत्ता पक्ष : प्रमोद तिवारी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर कार्यवाही हंगामे के भेट चढ़ गई । सदन में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गयी, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की।

उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी



चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं। सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है।

विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग संविधान के हत्यारे हैं।

नड्डा ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद फिर सदन में हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सभापति ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई : खड़गे



राज्यसभा के सभापति के खिलाफ इंडी गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सभापति ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि हमें अविश्वास प्रस्ताव के लिए यह नोटिस लाना पड़ा। हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खड़गे ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद दूसरे नंबर का सबसे उच्च संवैधानिक पद है। इस पद पर महाविद्वान डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डा. शंकर दयाल शर्मा, जस्टिस हिदायत उल्ला और केआर नारायणन समेत कई महान लोग रह चुके हैं। 1952 से अब तक किसी उपराष्ट्रपति के खिलाफ संविधान के आर्टिकल 67 के तहत इस तरह का अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया, क्योंकि वो हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे रहे। केवल सदन चलाना और वो भी जो सदन के नियम कानून हैं, उसके तहत सदन चलाते रहे। आज हमें कहना पड़ता है कि सदन में रूल्स को छोड़कर राजनीति ज्यादा हो रही है।

## स्मार्ट इंडिया हैकथान को प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित, कहा

# युवाओं के विजन पर चलेगी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश सभी के प्रयासों से ही तेजी से आगे बढ़ सकता है और बढ़ भी रहा है। ऐसे में हमें अब हर क्षेत्र में लीक से हटकर ( आउट आफ बाक्स ) सोचने व काम करने की जरूरत है। एक समय था जब सरकारें किसी समस्या का समाधान देने का दावा करती थी, लेकिन अब आप सब समाधान दे रहे है।

आज देश के युवा सरकार के साथ मिलकर देश की चुनौतियों के लिए काम कर रहे है। उनमें अब देश के विकास के लिए एक ओनरशिप की भावना विकसित होती दिख रही है। सरकार सिर्फ संसाधन मुहैया करा रही है। यह नए भारत का नया गवर्निंग मॉडल



है, जिसमें युवाओं का विजन ही सरकार का विजन है। उन्हें जो चाहिए उस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। हाल ही में लिए गए वन नेशन-वन सब्क्रिप्सन का निर्णय भी इसी पहल का हिस्सा है, जिसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। मोदी बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकथान- 2024 के सातवें संस्करण के ग्रैंड फिनाले में देश भर के 51 नोडल केंद्रों पर मौजूद 13 सौ से अधिक छात्रों और इनोवेटर के समूह को संबोधित कर रहे थे।

**21वीं सदी के भारत को देखने का आपका नजरिया अलग**

उन्होंने छात्रों से कहा कि भविष्य की दुनिया नालेज और इनोवेशन से ही संचालित होने वाली है। ऐसे में हम सभी का लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे इनोवेटिव देश बनाने की है। दुनिया आप सभी की ओर से देख रही है। इसके साथ विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी भी आप सब पर है। इसके साथ ही यदि हमें भारत को दुनिया में इकोनॉमी का सुपर पावर बनाना है तो नए-नए क्षेत्रों में खूब काम करना होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी छात्रों को संबोधित किया। और कहा कि पीएम की पहल से देश अब नवाचार और रचनात्मकता का केंद्र बन चुका है। जहां देश भर के छात्र नई चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए अपने बौद्धिक कौशल का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा, दूरदर्शिता,कठिन परिश्रम, नेतृत्व और नवाचार से भारत को 21वीं सदी के ज्ञान व उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक मॉडल बनाएंगे। साथ ही देश को दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।

**पीएम ने छात्रों से पूछे सवाल :** पीएम ने इस दौरान हैकथान में हिस्सा लेने वाले छात्रों व इनोवेटरों के समूहों से सीधी बात भी की। उनसे इनोवेशन को लेकर सवाल भी पूछे। इस दौरान एक छात्र ने बताया कि उन्होंने एक ऐसी तकनीक पर काम किया है, जिसमें माइक्रो डाप्लर तकनीक से दूर से ही ड्रोन या पक्षी है इसका पता लगाया जाए सकेगा। इस पर पीएम ने पूछा कि क्या भी बताएगा कि यह कितनी स्पीड से आ रहा है। तो छात्रों ने कहा कि वह आगे इस पर काम करेंगे। छात्रों के एक समूह ने इस दौरान साइबर सिक्यूरिटी को किए गए अपने इनोवेशन भी पीएम के साथ साझा किया। पीएम ने कहा कि आपका प्रयास ठीक है लेकिन साइबर अटैक करने वाले प्रत्येक चार घंटे में अटैक का एक नया तरीका खोज लेते है। ऐसे में हम भी साइबर सिक्यूरिटी को लेकर उतनी तेजी से काम करें। पीएम ने छात्रों से कहा कि वह हैकथान में वैश्विक स्तर की चुनौतियों के लिए समाधान लेकर आए।

**यंग लीडर्स डायलाग में लें हिस्सा :** पीएम ने युवाओं से 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलांग में हिस्सा लेने की अपील की है।



### राष्ट्रपति ने दिया राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

**नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को सतत और समावेशी विकास के विषयों में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है।**

# चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज

**ढाका ।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज कर दी। बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता दास को देशद्रोह के आरोप गिरफ्तार किया गया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने बुधवार को यह आदेश पारित किया। उन्होंने कहा कि याचिका इसलिए खारिज कर दी गई क्योंकि दास के पास अपनी ओर से किसी वकील का लेटर ऑफ अटॉर्नी नहीं था। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके वकील सुभाशीष शर्मा सुरक्षा कारणों से 3 दिसंबर को सुनवाई में शामिल नहीं हो सके। देश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, चटगांव मेट्रोपॉलिटन सेशन जज कोर्ट के लोक अभियोजक पीपी मोफिजुल हक भुइयां ने बताया कि राज्य पक्ष

**देशद्रोह के आरोप में दास को बांग्लादेश सरकार ने किया था गिरफ्तार**



ने अदालत को सूचित किया कि वकील रवींद्र घोष, ने दास की ओर से केस लड़ने के लिए कोई पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं दी थी। घोष ने चिन्मय की अग्रिम जमानत की सुनवाई के लिए आवेदन दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक चिन्मय के वकील सुभाशीष शर्मा भी मौजूद नहीं थे। सुभाशीष ने केस लड़ने के लिए रवींद्र घोष को लिखित में कुछ भी नहीं दिया।

### इंडस्ट्री के मामले में भारत की ओर देख रही दुनिया : गडकरी



**नोएडा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट प्रोसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 100 देशों के एक हजार से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं।

# 2035 तक भारत का अपना होगा स्पेस स्टेशन

## भारतीयों को 2040 तक चांद पर उतारा जायेगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरूआत में गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जायेगा। नयी दिल्ली में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ऐलान किया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा।

इसे **भारत अंतरिक्ष स्टेशन** नाम दिया जाएगा। साथ ही 2040 तक एक भारतीय आंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने की योजना सरकार बना रही है। साथ ही भारत अपने गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर को मैनेज करने के लिए

- स्पेस सेक्टर के लिए नये कानून पर विचार कर रही है सरकार : अंतरिक्ष मंत्री

एक नए कानून पर काम कर रही है। इस सेक्टर में पिछले चार साल में प्राइवेट प्लेयर्स ने सैटेलाइट के निर्माण और लॉन्च में अहम भूमिका निभायी है, जिसके चलते काफी सुधार हुआ है। डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में जहां स्पेस स्टार्ट-अप की संख्या सिर्फ एक थी, वह अब बढ़कर 266 हो गयी है।

उन्होंने बताया कि भारत ने श्रीहरिकोटा लॉन्च साइट से अब तक 432 विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं, जिनमें से 397 पिछले 10 साल में ही लॉन्च किए गए हैं। इसरो ने 5 दिसंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से प्रोबा-3 मिशन लॉन्च किया।



यूरोपियन स्पेस एजेंसी के इस मिशन का उद्देश्य दो उपग्रहों- कोरोनोग्राफ और ऑकुल्टर के जरिए सूर्य के बाहरी वातावरण की स्टडी करना है।

**2040 तक कई बड़ी योजनाएं :** डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले चरण को सेट-अप करने के लिए गगनयान मिशन को शुरू करने का टारगेट रखा है। इसके अलावा, चंद्रयान-4 के जरिए चंद्रमा की चट्टानों के नमूने वापस लाने, शुक्र ग्रह का अध्ययन करने और नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल्स तैयार करने के निर्देश दिए हैं। भारत का लक्ष्य 2047 तक विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनना है।

**क्या है मिशन गगनयान**

गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जाएंगे। यह 3 दिन का मिशन होगा, जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स के दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जायेगा। अगर भारत अपने मिशन में कामयाब रहा तो वो ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा।

